mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-174 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
26 जून 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित




रिंकू सिंह और प्रिया...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप हुए ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों पर फिदा

**अमेरिकी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल पर घातक हमले करने वाली ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों की जमकर तारीफ की है। एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने कहा, इजरायल को बहुत हार्ड हिट किया, ओह बॉय, उन बैलिस्टिक मिसाइलों ने बहुत सारी इमारतें नष्ट कर दीं%। ट्रंप के इस बयान के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ईरानी मिसाइलों की घातक मार से इजरायल को हो रहे भारी नुकसान के चलते ही उन्होंने दोनों देशों में सीज फायर पर जोर दिया। जबकि इससे पहले ट्रंप ने ईरान के सुप्रीम लीडर



अयातुल्ला अली खामेनेई को बिना शर्त सरेंडर के लिए कहा था। हालांकि खामेनेई ने यह कहकर सरेंडर से इनकार कर दिया था कि ईरान किसी भी देश के आगे झुकता नहीं है, वह सिर्फ अल्लाह के आगे सजदा करता है। इजरायल से छिड़ी जंग में आईडीफ का अनुमान है कि ईरान ने 1000 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। इनमें से कई सौ बैलिस्टिक मिसाइलें थीं। हालांकि, सटीक संख्या और मिसाइलों के प्रकार का सटीक आंकड़ा मौजूद नहीं है। मगर इजरायल से जंग के दौरान ईरान ने कई तरह की घातक बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। कुछ प्रमुख बैलिस्टिक मिसाइलों का विवरण दिया गया है जो ईरान ने इजरायल के खिलाफ इस्तेमाल की हैं।

### इजरायल-ईरान के बीच 12 दिनों बाद थमा युद्ध, पोप लियो ने दोनों पक्षों को दिया बाइबिल का ये संदेश

**वेटिकन सिटी (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच बीते 12 दिनों से जारी गंभीर सैन्य संघर्ष आखिरकार युद्धविराम के बाद थम गया है। इस बीच, पोप लियो चौदहवें ने बुधवार को दोनों देशों से अपील की कि वे धमकाने और बदले की मानसिकता को छोड़कर संवाद और कूटनीति के रास्ते पर चलें। उन्होंने



मध्य पूर्व में रहने वाले सभी ईसाइयों के प्रति एकजुटता और संवेदना भी प्रकट की। पोप लियो ने अपने साप्ताहिक संबोधन के दौरान कहा, ÷आइए हम ईश्वर की आवाज को सुनें। हाल के खूनी घटनाक्रमों से जो घाव बने हैं, उन्हें भरने दें। धमकाने और बदले की हर मानसिकता को त्यागें और पूरी दृढ़ता से संवाद, कूटनीति व शांति के मार्ग पर आगे बढ़ें।÷ उन्होंने बाइबिल का हवाला देते हुए कहा, ÷एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र के खिलाफ तलवार नहीं उठाएगा।÷ पोप ने यह भी कहा कि वह इस संघर्ष के दौरान उत्पन्न हालात को ÷सावधानी और उम्मीद के साथ÷ देख रहे हैं, और आशा करते हैं कि यह युद्धविराम स्थायी शांति की दिशा में पहला कदम बनेगा। इस 12 दिवसीय संघर्ष में इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

## मदरसा छात्र के साथ कुकर्म करने वाला नबी हसन अरेस्ट



**बरेली (एजेंसी)।** यूपी के बरेली में फरीदपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है जहां पुलिस ने हैदरी दल 25 बरेली नाम से ग्रुप बनाकर सोशल मीडिया पर धार्मिक उन्माद फैलाने और मदरसे में नाबालिग के साथ कुकर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्रुप में आपत्तिजनक वीडियो शेयर करता था। साथ ही मदरसे के छात्र के साथ कई महीनों तक कुकर्म करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी उसपर गंभीर आरोप है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद किया है, जिसमें कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसपी देहात अंशिका वर्मा ने बताया कि फरीदपुर के ग्राम पिपरथरा निवासी नबी हसन ने शाहजहांपुर के गुलशने मुस्तफा मदरसे में पढ़ रहे एक नाबालिग छात्र के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। आरोप है कि वह इस कृत्य की वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देता था। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि नबी हसन ने पीड़ित छात्र के मोबाइल से ही इंस्टाग्राम पर एक फर्जी आईडी %हैदरी दल 25 बरेली% नाम से बनाकर सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली आपत्तिजनक सामग्री और टिप्पणियां शेयर की थीं।

**सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जताया अफसोस**

## हाइड्रो प्रोजेक्ट में तेज बहाव में बह गए कई मजदूर, 2 शव बरामद

**धर्मशाला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में दिल दहला देने वाली घटना देखने को मिली है। यहां हाइड्रल प्रोजेक्ट में तेज बहाव के कारण कई मजदूर बह गए। हालांकि अब तक 2 शवों को बरामद किया जा सका है। इसे लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बयान जारी किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक्स पर लिखा, ÷धर्मशाला के एक हाइड्रल प्रोजेक्ट में तेज बहाव के कारण कई मजदूरों के बह जाने की सूचना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। इस हादसे में अब तक दो शव बरामद किए गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन को सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।÷

सीएम सुक्खू ने आगे लिखा, ÷मैं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि लापता लोग जल्द सकुशल मिलें। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि भारी बारिश के बीच नदी-नालों एवं खड्डों के पास जाने से बचें।÷



इसके अलावा कांगड़ा के डीसी हेमराज बैरवा ने बताया, ÷हमने दो शव बरामद किए हैं। एसडीआरएफ, पुलिस, एसडीएम और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर हैं। लापता लोगों की संख्या का पता लगाने के लिए हम लोगों की गिनती करवा रहे हैं। अधिक जानकारी का इंतजार है। स्थिति उतनी गंभीर नहीं है, जितनी बताई जा रही है।÷

डीसी हेमराज बैरवा ने कहा, ÷मनुनी नाले के पास एक छोटी सी हाइड्रो पावर परियोजना है। इसके पास कुछ मजदूर रहते थे। यह कई नालों का संगम स्थल है। भारी बारिश के कारण जलस्तर बढ़ गया, जिससे कुछ लोग बह गए। हम अभी तक लोगों की संख्या का पता नहीं लगा सकते। दो मृतकों की पहचान की जा रही है। लापता लोगों की आधिकारिक संख्या जल्द ही सामने आएगी।÷ बता दें कि देशभर में मॉनसून के आने के बाद से ऐसा ही हाल चारों तरफ देखने को मिल रहा है। 25 जून के दिन ही हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना देखने को मिली है।

## 2.5 करोड़ के फर्जी पोस्टेज स्कैम में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीआई ने 2.5 करोड़ के फर्जी पोस्टेज स्कैम में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बुलंदशहर के मृत सब पोस्टमास्टर के भाई और दो प्राइवेट लोगों को 2.5 करोड़ रुपए के फर्जी पोस्टेज स्कैम मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बुलंदशहर पोस्टल विभाग की शिकायत पर



दिसंबर 2024 में सब पोस्टमास्टर लखौती बुलंदशहर समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप था कि सब पोस्ट मास्टर जो फिलहाल इस दुनिया में नहीं हैं, इन्होंने कुछ लोगों के साथ मिलकर फर्जी पोस्टेज स्कैम किया। मई 2023 से नवंबर 2024 तक आरोपियों ने 2.78 करोड़ रुपए के सामान पर फर्जी पोस्टेज स्टेम्पस लगाई, जबकि असली पोस्टेज स्टेम्पस लखौती पोस्ट ऑफिस की मात्र 28 लाख रुपए थी। इस तरह आरोपियों ने पोस्टल विभाग को 2.50 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया और खुद को फायदा पहुंचाया। तमाम सबूत जुटाने के बाद सीबीआई ने 24 जून 2025 को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक तीसरे आरोपी को 26 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया।

## सरकारी अस्पताल में जिस महिला मरीज से हुई थी छेड़छाड़, उसकी मौत

**आरोपी फैज गिरफ्तार**

**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सरकारी अस्पताल में जिस महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था, उसकी मौत हो गई है। छेड़छाड़ के आरोपी फैज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।





बेहोशी की हालत में लड़की पुलिस को सोनिया विहार इलाके में मिली थी जिसके बाद इलाज के लिए लड़की को जगप्रवेश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक लड़की जिस वार्ड में थी, उसी वार्ड में फैज भी एडमिट था। फैज पर आरोप है कि वो लड़की को बहलाकर अस्पताल में ही पीछे ले गया और वहां उसके साथ छेड़छाड़ की।

पुलिस के मुताबिक, 23 जून 2025 को जेपीसी अस्पताल में एक महिला मरीज के साथ छेड़छाड़ की सूचना थाना न्यू उस्मानपुर को प्राप्त हुई। पूछताछ में पता चला कि वह 21 जून को अस्पताल में भर्ती हुई थी और उपचार के दौरान 23 जून को जब वह वार्ड से बाहर गई तो उसके साथ छेड़छाड़ की घटना की सूचना मिली। इसके बाद थाना न्यू उस्मानपुर द्वारा कानून की उचित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि महिला को विशेष उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। उसकी एमएलसी के अनुसार जांच के समय कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई। आज जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली है कि उपचार के दौरान मरीज महिला की मृत्यु हो गई है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पीएमई रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की को फेंकने वाला तौफीक यूपी से गिरफ्तार

**दिल्ली में 5वीं मंजिल से बुर्का पहनकर नेहा की कर दी थी हत्या**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने नॉर्थ ईस्ट जिले के ज्योति नगर इलाके में नेहा मर्डर मामले में आरोपी तौफीक को गिरफ्तार किया है। आरोपी वारदात के बाद से ही फरार था और पुलिस की टीमों ने उसे उत्तर प्रदेश के रामपुर से पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक, तौफीक रामपुर के टांडा से बीती रात को गिरफ्तार किया दया। तौफीक पर आरोप है कि उसने सोमवार सुबह नेहा नाम की लड़की को पांचवीं मंजिल से फेंक दिया था। तौफीक को नेहा भाई मानती थी कथित तौर पर वह रक्षाबंधन पर राखी भी बांधती थी। गंभीर रूप से घायल नेहा को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था लेकिन प्रयासों के बावजूद उसने दम तोड़ दिया।

नेहा के पिता के अनुसार, तौफीक बुर्का पहनकर उनके घर में घुसा। जब उसका विरोध किया गया, तो उसने कथित तौर पर नेहा के पिता को धक्का दिया और छत पर चला गया, जहां नेहा पानी की टंकी की जांच कर रही थी। कथित तौर पर दोनों में बहस छिड़ गई, जिसके बाद तौफीक ने नेहा को छत से धक्का दे दिया।





**नेहा मानती थी भाई लेकिन तौफीक की थी बुरी नजरः** परिवार ने पुलिस को बताया कि तौफीक उन्हें करीब तीन साल से जानता था और भाई की तरह व्यवहार करता था। हर रक्षाबंधन पर नेहा और उसकी बहनें उसे राखी बांधती थीं और उसे अपना परिवार मानती थीं। हालांकि, हाल के महीनों में जब तौफीक ने नेहा पर शादी के लिए दबाव डालना शुरू किया तो चीजें और भी खराब हो गईं। नेहा ने तौफीक के शादी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।

**नेहा को परेशान कर रहा था तौफीकः** इसके बाद नेहा ने तौफीक से दूरी बना ली थी, लेकिन उसने कथित तौर पर उसे परेशान करना जारी रखा। उसकी बहन ने खुलासा किया कि पिछले एक महीने से तौफीक लगातार नेहा पर शादी के लिए दबाव बना रहा था और उसने धमकियां भी दी थीं। वारदात से कुछ दिन पहले ही नेहा ने अपनी मां को उत्पीड़न के बारे में बताया था।

## ड्रोन से लैस AK-203 राइफल, दुश्मन को देगी करारा जवाब

**भारत सप्लाई और सहायता (बीएसएस) गठबंधन ने एक क्रांतिकारी आविष्कार किया है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सप्लाई और सहायता (बीएसएस) गठबंधन ने एक क्रांतिकारी आविष्कार किया है। कंपनी ने अपने त्रियं-3डी परियोजना के बाद अब कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन में AK-203 हमला राइफल को एकीकृत किया है। यह ड्रोन गति, सटीकता और शक्ति के साथ युद्ध में खेल-बदलने वाला साबित हो सकता है। इसका उपयोग आतंकवाद विरोधी अभियानों और शहरी युद्ध में भी किया जा सकता है।

इस ड्रोन-आधारित AK-203 राइफल का विकास बीएसएस सामग्री लिमिटेड ने किया है। यह कंपनी भारत सरकार की रक्षा मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत स्थापित की गई है। बीएसएस सामग्री लिमिटेड के संस्थापक, निदेशक और प्रमुख शेयरधारक इस क्षेत्र में व्यापक अनुभव, विशेषज्ञता और गहन ज्ञान रखते हैं। टीम में प्रौद्योगिकी उद्यमी,



पेशेवर और विशेषज्ञ शामिल हैं, जो उच्च मांग वाले डिज़ाइन और एकीकरण सलाहकार, सुरक्षा और स्वचालन विशेषज्ञ हैं, साथ ही वित्त और कानूनी पेशेवरों का सहयोग भी है।

कंपनी का उद्देश्य देश में विश्वस्तरीय रक्षा निर्माण केंद्र स्थापित करना है, और इसका विजन है ÷राष्ट्र प्रथम÷।

इससे पहले, बीएसएस सामग्री लिमिटेड ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित स्वचालित घातक हथियार प्रणाली, नेगेव हल्की मशीन गन (LMG) का 14,000 फीट की ऊंचाई पर सफल परीक्षण किया था, जिसमें भारतीय सेना भी शामिल थी। यह परीक्षण इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि यह हथियार उन क्षेत्रों में भारत की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, जहां मानव सैनिकों की तैनाती कठिन है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

IMI नेगेव एनजी का वजन लगभग 8 किलोग्राम है। इसमें नाटो मैगजीन का उपयोग होता है। यह प्रति मिनट 850 से 1050 राउंड गोलीबारी करने में सक्षम है। इसकी गोलीबारी की दूरी 300 से 1000 मीटर तक है। यह हथियार दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए एक शक्तिशाली विकल्प है।

## 'पति पहले से शादीशुदा..ससुर के साथ सोने के लिए करता था मजबूर'

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में कप्तान निषाद और सितारा देवी की शादी अब हाई-वोल्टेज ड्रामा बन चुकी है। शादी को हुए अभी दो महीने भी नहीं बीते और रिश्ते में दरारें इतनी गहरी हो गई कि अब दोनों परिवार आमने-सामने हैं। सितारा का आरोप है कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और एक बेटी का बाप भी है। यही नहीं, वो दावा कर रही है कि पति उसे अपने ससुर के साथ सोने के लिए मजबूर करता था। सितारा देवी ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि मैं किसी अमन को नहीं जानती। मैंने किसी को



नहीं बुलाया था। सितारा ने कहा कि सुहागरात के दिन ही उसका पति उसका फोन छीन लिया था। वह किससे बात किया। मुझे नहीं पता। वह झूठे आरोप लगा रहा है। मैं उसको (पति) को जेल भेजवाऊंगी। सितारा ने पति द्वारा लगाए गए सारे आरोप को झूठ बताया है। वहीं वायरल सीसीटीवी फुटेज में रात 2 बजे भागने का मामला सामने आया, जिस पर सितारा का कहना है कि मैं मारपीट से तंग आ चुकी थी, जो पहला व्यक्ति मिला, उसी के साथ चली गई।÷ हालांकि कप्तान और उसके पड़ोसी इन सभी आरोपों को सिरे से नकारते हैं। उनका कहना है कि यह कप्तान की पहली शादी है और अमन नाम का व्यक्ति अब इस पूरे मामले में रहस्य का विषय बन गया है।

## संविधान हत्या दिवस पर पीएम मोदी सहित अन्य बीजेपी के बड़े नेताओं ने क्या कहा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में आपातकाल एक काले धब्बे की तरह है, जिसे ना ही भुलाया जा सकता है और ना ही मिटाया। 25 जून 1975 ये वही तारीख है, जिस दिन भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी की घोषणा की थी। इसके बाद लाखों लोगों को जेल के अंदर ठूंस दिया गया। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा शासित सरकारों द्वारा देशभर में संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर कई बड़े नेताओं ने इस पर बयान दिया है। आज कैबिनेट की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने बयान देते हुए कहा, %इमरजेंसी में संविधान को कुचला गया। इस काले दिन को देश भूला नहीं सकता।%

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'द इमरजेंसी डायरीज' में आपातकाल के वर्षों के दौरान मेरी यात्रा का वर्णन है। इसने उस समय की कई यादें ताजा कर दीं। मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूं जो आपातकाल के उन काले दिनों को याद करते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले हैं, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी।%

संविधान हत्या दिवस 2025 के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, जब बात बुरी घटनाओं की हो तो उसे हमेशा याद रखना चाहिए, ताकि देश का युवा संस्कारी हो, संघर्षरत हो। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 जून के इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया





है। आपातकाल में जिस प्रकार से देश को एक जेलखाना बनाकर रख दिया था। देश की आत्मा को गूंगा करके रख दिया गया था। न्यायालय के कान को बहरा कर दिया गया था। लिखने वालों के कलम से स्याही ही निकाल दी गई थी।

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 25 जून की तारीख को, जिस संविधान को लागू करने को लेकर के, भारत ने अनगिनत बलिदान दिए थे। जिस लोकतंत्र को लेकर के विद्यार्थी हो या युवा, महिला हो या पुरुष समाज के प्रत्येक तबगे के व्यक्ति ने हर स्तर पर बलिदान देने में किसी प्रकार की कोताही नहीं की। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने तमाम अपमान सहने के बाद अपनी पूरी ताकत के साथ भारत के संविधान का ड्राफ्ट तैयार करके भारत के नागरिकों को जो दिया था। उस संविधान का गला घोटने में कांग्रेस की सरकार को कोई समय नहीं लगा। जो पाप कांग्रेस और तत्कालीन प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी ने किया था, अपनी सत्ता बनी रहे। इस देश के क्रांतिकारी नारा देते थे, तेरा वैभव अमर रहे मां। कांग्रेस ने उस दिन उस संकल्प को कैसे चकनाचूर किया, ताकि मेरी सत्ता बनी रहे, चाहे लोकतंत्र रहे ना रहे।

संविधान हत्या दिवस के अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, ÷आज से पचास साल पहले भारतीय लोकतंत्र का आपातकाल के माध्यम से गला घोंटने का कुत्सित प्रयास किया गया था। आपातकाल को लोग आज भी भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय के रूप में याद रखते हैं।

## उद्यानिकी विभाग के एमपीएफएसटीएस पोर्टल को भारत सरकार ने सराहा

**भोपाल ( एजेंसी )।** उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाले किसानों के लिये मध्यप्रदेश सरकार के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बनाये गये एमपीएफएसटीएस (मध्यप्रदेश फार्मर सब्सिडी ट्रेकिंग सिस्टम) को भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा सराहा गया है। मध्यप्रदेश एकमात्र राज्य है, जिसके द्वारा भारत सरकार के एमआईडीएच (मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टीकल्चर) सुरक्षा पोर्टल के साथ एकीकरण की कार्यवाही की गयी है। संयुक्त सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण भारत सरकार श्री प्रियारंजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अन्य राज्यों से भी मध्यप्रदेश की तर्ज पर तेजी से काम करने के निर्देश दिये। आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती प्रीति मैथिल ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत किसानों के पंजीयन, वार्षिक कार्य-योजना तैयार करने, बजट आवंटन करने की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। इसी क्रम में भारत सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा भी एमआईडीएस सुरक्षा पोर्टल तैयार किया गया है। मध्यप्रदेश में यह प्रक्रिया पूर्व से ही संचालित है। इसका भारत सरकार के निर्देशानुसार एमआईडीएस सुरक्षा पोर्टल के साथ सफलतापूर्वक एकीकरण किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भारत सरकार के डिप्टी सेक्रेटरी श्री अनूप पंत, ज्वाइन डायरेक्टर श्री सी.पी. गाँधी, असिस्टेंट डायरेक्टर श्री पंकज शर्मा, तकनीकी विशेषज्ञ श्री मोहित वर्मा तथा सुश्री नेहा माथुर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती जयमाला सिंह, श्री अशोक मिश्रा, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव सहित तकनीकी टीम के सदस्य शामिल हुए।

## अधिकारी भी अपलोड कर रहे सड़कों के गड्ढों के फोटो

**भोपाल ( एजेंसी )।** पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर गड्ढों की शिकायत करने के लिए बनाए गए लोकपथ एप्लीकेशन पर 11 हजार किमी लंबी सड़कों को भी जोड़ दिया गया है। अब तक इस एप्लीकेशन के जरिए आम लोगों की शिकायतों के आधार पर ही सड़कों के गड्ढे भरे जाते थे। अब इस एप्लीकेशन का इस्तेमाल प्रदेशभर में औचक निरीक्षण करने वाले पीडब्ल्यूडी के अफसर भी गड्ढों की तस्वीरें अपलोड कर रहे हैं। इन्हें सुधरवाने की जिम्मेदारी संबंधित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर्स की होती है। भोपाल जिले की बात करें तो इसके लिए अब तक 508 शिकायतें मिलीं, इनमें 494 का निराकरण किया जा चुका है। हालांकि 14 शिकायतें अब भी लंबित हैं। इस एप्लीकेशन पर पीडब्ल्यूडी और एमपी आरडीसी की अब तक करीब 59631 किमी लंबी सड़कों को जोड़ा जा चुका है। इनमें नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे, मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग और ग्रामीण सड़कों को शामिल किया गया है। निर्माणाधीन और प्रस्तावित सड़कें इस एप्लीकेशन में नहीं जोड़ी गई हैं। एप के जरिए अब तक 7550 शिकायतें मिली हैं, इनमें 7063 का निराकरण कर लिया गया है।

## जल संचयन में टॉपर तीन जिले होंगे सम्मानित

**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में जल संचयन और संवर्धन में अच्छा काम करने वाले जिलों की ग्रेडिंग की जाएगी। 30 जून को खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में तीन टॉपर जिलों के नामों की घोषणा की जाएगी। खंडवा में होने वाले कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव के अलावा केंद्रीय मंत्री, मप्र के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, राज्य मंत्री राधा सिंह के अलावा स्थानीय सांसद विधायक और केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश में जल संरक्षण को लेकर हो रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा जल हमारे सुनहरे और समृद्ध भविष्य का मूल आधार है।

जल सहेजकर ही हम अपने अस्तित्व और अपनी भावी पीढ़ी

# विद्यार्थियों को विषयविद् के साथ संवेदनशील एवं मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण बनाना होगा: तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार

**भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का ध्येय है। श्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लिए विद्यार्थियों में मानवीय संवेदनाओं के साथ भारतीय दृष्टि की आवश्यकता है। विद्यार्थियों में मात्र विषयविद् नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना होगा। विद्यार्थियों के लिए ऐसी पद्धति तैयार करनी होगी, जिससे समाज के प्रश्नों का समाधान भी निकले एवं समाज में मानवीय मूल्यों का परंपरागत संरक्षण एवं संवर्धन भी हो। मंत्री श्री परमार मंगलवार को भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के सभागृह में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय परिचर्चा को संबोधित किया। मंत्री श्री परमार ने कहा कि उद्योग जगत एवं बाजार की आवश्यकता अनुरूप विद्यार्थियों को स्किल्ड (दक्ष) बनाने के लिए पाठ्यक्रम निर्माण की आवश्यकता है। हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति की ओर बढ़ रहे हैं। इस दिशा में




प्रतिबद्धता की भावना से आगे बढ़ने से लक्ष्य साकार हो सकेगा। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत अतीत में विश्वगुरु रहा है और वर्तमान परिदृश्य को पुन: गौरवशाली बनाने के लिए भारतीय दृष्टिकोण धारक व्यक्तित्व निर्माण की आवश्यकता हैं। श्री परमार ने कहा कि हर क्षेत्र - हर विधा में, भारत की गौरवशाली उपलब्धियां रही है। भारत के गौरवशाली ज्ञान पर गर्व का भाव जागृत कर हीन भावना से मुक्त होना होगा। तकनीकी एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र में भी हजारों वर्षों से भारतीय ज्ञान परम्परा विद्यमान है। आज हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान के प्रमाण मिल रहे हैं। श्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस संकल्प की सिद्धि के लिए विद्यार्थियों को प्रश्नकर्ता नहीं समाधानकर्ता बनाने की आवश्यकता है। श्री परमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्यशील है। सचिव तकनीकी शिक्षा श्री रघुराज राजेन्द्रन ने कहा कि निवेश गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण पहलू है। उद्योग जगत के शैक्षणिक जगत में निवेश से नैसर्गिक रूप से गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

ज्ञातव्य है कि यह परिचर्चा प्रदेश के समस्त तकनीकी शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता, दक्षता, उपयोगिता, स्थायित्व एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में विस्तृत विचार मंथन के लिए प्रारंभ की गई एक राज्य स्तरीय पहल है। इस अवसर पर कुलगुरु राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय डॉ राजीव त्रिपाठी, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन श्री भरत शरण सिंह, आयुक्त तकनीकी शिक्षा श्री अवधेश शर्मा एवं सीईओ ग्लोबल स्किल्स पार्क श्री गिरीश शर्मा सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरु, उनके प्रतिनिधि, विभिन्न तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय टेक-हैकाथॉन में तलाशे जायेंगे सिंहस्थ-2028 के लिए स्मार्ट टेक-सॉल्यूशंस

**भोपाल ( एजेंसी )।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने राष्ट्रीय टेक हैकाथॉन के माध्यम से सिंहस्थ 2028 के लिए स्मार्ट-टेक सॉल्यूशंस की खोज कर रहा है। हैकाथॉन का उद्देश्य पूरे देश के प्रतिभाशाली नवाचारकर्ताओं को एक मंच पर लाकर ऐसे स्मार्ट और व्यावहारिक तकनीकी सॉल्यूशंस विकसित करना है, जिससे दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक सिंहस्थ के प्रबंधन, सुरक्षा को पुख्ता और श्रद्धालुओं के अनुभव को सुखद बना सकें। हैकेथॉन में भाग लेने के लिये पंजीयन प्रक्रिया 26 जून 2025 से प्रारंभ होगी।

हैकाथॉन में भाग लेने के लिए पंजीकृत स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई, निजी कंपनियाँ, मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान और शोध संगठन पात्र होंगे। किसी पंजीकृत संस्था से संबद्ध विद्यार्थी और स्वतंत्र डेवलपर्स भी हैकाथॉन में व्यक्तिगत रूप से भाग ले सकेंगे। चयनित टीमों को डीपीआईआईटी स्टार्ट अप सर्टिफिकेट, एमएसएमई/उद्योग पंजीयन, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी दस्तावेज़ या संस्थान के पहचान पत्र जैसे प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। हैकाथॉन के लिये चार थीम तय की गई है। चार थीमों में स्मार्ट मोबिलिटी एवं एक्सेस मैनेजमेंट, सुरक्षा, निगरानी और आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन, डिजिटल अनुभव और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति जैसे विषयों पर फोकस किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को आइडिया-प्रेजेंटेशन, प्रोटोटाइप निर्माण और फाइनल प्रतियोगिता के कई चरणों से गुजरना होगा। यहां वे अपने समाधान सरकारी अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और तकनीकी नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

हैकेथॉन के माध्यम से उज्जैन में यातायात की सुगमता, पार्किंग प्रबंधन, रूट ऑप्टिमाइजेशन और वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुलभ आवाजाही सुनिश्चित करने वाले सॉल्यूशंस, रीयल टाइम क्राउड मैनेजमेंट, आपातकालीन प्रतिक्रिया, एआई आधारित निगरानी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के लिए पूर्वानुमान लगाने वाले उपकरणों, सार्वजनिक स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, स्वच्छ जल आपूर्ति और त्वरित चिकित्सा सहायता के लिए स्मार्ट टेक-सॉल्यूशंस प्रस्तुत किये जाएंगे। हैकाथॉन में श्रद्धालुओं के सिंहस्थ तीर्थाटन के अनुभव को सुखद बनाने वाले इंटरेक्टिव मोबाइल ऐप्स, सूचना प्रणाली, पर्यावरणीय व्यवहार प्रोत्साहन और सांस्कृतिक कथाओं का तकनीकी प्रस्तुतीकरण करने वाले टेक-सॉल्यूशंस भी प्रस्तुत किये जाएंगे

## प्रदेश में केश शिल्पी समाज के विकास के लिये हर संभव प्रयास होंगे

**भोपाल ( एजेंसी )।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत एस. भोंडवे ने आज रविंद्र भवन स्थित अंजनी हॉल में आयोजित केश शिल्पी समाज की विशेष बैठक में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केश शिल्पी समाज के विकास के लिये हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग नवाचार, सूचना प्रौद्योगिकी, मोबाइल ऐप और एग्रीगेटर तकनीकों का युग है। केश शिल्पी समाज को इन आधुनिक उपकरणों के साथ तालमेल बैठाते हुए आगे आना होगा।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने कहा कि समाज में कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता, लेकिन जो जितना सीखेगा, उतना ही लाभ उठायेगा और अपनी दक्षता को बढ़ा सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना,




पेंशन योजना, छात्रवृत्ति, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाने की अपील केश शिल्पी समाज से की। आयुक्त ने कहा कि केश शिल्पी समाज का पात्र व्यक्ति यदि सरकारी योजनाओं से वंचित है, तो उस वर्ग को लाभ दिलाने की जिम्मेदारी केश शिल्पी मण्डल की है।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने कहा कि अमृत हरित महा-अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिये व्यापक स्तर पर पौध-रोपण किया जायेगा। पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी जायेगी। उन्होंने केश शिल्पी समाज के प्रतिनिधियों से प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में कम से कम 5 लाख पौध-रोपण करने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

## बिना फिटनेस और परमिट के चल रही 2 बसें ज़ब्त

**भोपाल ( एजेंसी )।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) भोपाल के निर्देश पर स्कूली वाहनों की जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग ने सोमवार को सख्त कार्रवाई करते हुए रायसेन रोड स्थित सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की दो बसों को जब्त कर लिया।




जांच में पाया गया कि ये दोनों बसें बिना परमिट और फिटनेस के बच्चों को ले जा रही थीं। आरटीओ टीम ने मौके पर ही बसों को जप्त कर कार्यालय परिसर में खड़ा करवा दिया है। इससे पहले पिछले दस दिनों के भीतर परिवहन विभाग ने 12 और स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनके पास न तो वैध परमिट थे और न ही फिटनेस सर्टिफिकेट। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट और बीमा जैसे दस्तावेजों की अनदेखी बच्चों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि विभाग इस तरह की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और आगे भी इसी तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा, यदि नियमों का पालन नहीं किया गया तो अगली बार और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## गोदामों में 4 महीने से बिना इंश्योरेंस के पड़ा 10 हजार करोड़ रुपए का अनाज

**भोपाल ( एजेंसी )।** मप्र के सरकारी गोदामों में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का अनाज, दवा व अन्य सामान पिछले 4 महीने से बिना इंश्योरेंस के रखा है। जबकि वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन का एक्ट व रेगुलेटरी अथॉरिटी कहती है कि बिना बीमा एक दिन भी अनाज नहीं रखा जाएगा। यह काम दो कारणों से किया गया।

पहला- वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन पहली बार अनाज की नमी का भी बीमा कराना चाहता है। दूसरा- बीमा कंपनी व सरकार के बीच अब ब्रोकर की तैनाती की गई है, जो बीमा की दर तय करने के साथ क्लेम भी प्रोसेस कराएगा। इसका पेमेंट बीमा कंपनी द्वारा किए जाने की बात हुई है।

छग के बाद ब्रोकर कंपनी 'एक्सपेरिटस इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्रा.लि.' अब मप्र में भी सक्रिय होगी। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इसी वजह से सितंबर-अक्टूबर में किया गया टेंडर रद्द कर दिया गया। फिर पुरानी कंपनी को एक्सटेंशन देकर जनवरी 2025 तक का वक्त निकाल दिया गया। हर साल सितंबर से सितंबर तक एक साल का बीमा होता है।

लिहाजा, फरवरी 2025 से अनाज बिना बीमे के पड़ा है।

# नदी और जल संरचनाओं का संरक्षण जनजागरण और सहयोग से ही संभव

**भोपाल ( एजेंसी )।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सदानीरा समागम के पाँचवें दिन भारत भवन के अंतरंग सभागार में जलीय जीव एवं जल संरचनाओं पर एकाग्र वैचारिक समागम का आयोजन हुआ। इस मौके पर सभी विद्वानों ने एक स्वर में कहा कि नदी तालाबों और जल संरचनाओं को संबोधित संरक्षित करने के लिए सरकार के साथ-साथ लोक समाज को भी आगे आना होगा। यह जनजागरण और सहयोग से ही संभव है। तभी हम अपना भविष्य सुरक्षित कर पाएंगे।वरिष्ठ लेखक व पत्रकार अजय बोकिल ने कहा कि पानी को बचाने, साफ रखने और उसके महत्व को कायम रखने के लिए भोपाल सबसे बड़ा




उदाहरण है। एक समय ऐसा भी आया जब बड़े तालाब का पानी मूर्ति और ताजिया विसर्जन के चलते दूषित होता चला गया था। मतलब पीने योग्य नहीं था तब भोपालवासियों ने यह तय किया कि तालाब में मूर्ति विसर्जन नहीं किया जाएगा इसके लिए अलग से कुंड बनाए जाएंगे ऐसा करने पर पहले की तुलना में तालाब का पानी साफ भी हुआ और शुद्ध भी। यह एक ऐसा उदाहरण है जिसे अन्य स्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए।

वरिष्ठ साहित्यकार श्री संतोष चौबे ने कहा कि जल संरचनाओं और नदियों को संरक्षित करने के लिए पानी के पक्ष में जन अभियन चलाया जाना चाहिए।

आज इस विषय पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है और जल संरचनाओं को बचाने के लिए प्रदेश और देश के दुनिया के मॉडलों को अपनाना चाहिये।

इस मौके पर वरिष्ठ पुरातत्वविद श्री शिवाकांत वाजपेई ने कहा कि जल जीवन और जन्म त्रिवेणी हैं। इसे हमें समझना होगा। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अन्वेषणकर्ता श्री आरोह श्रीवास्तव ने जल और समय पर चर्चा की।

## ग्राम पंचायतों को मिलेगा सशक्तिकरण, पारदर्शिता व स्थायित्व : मंत्री पटेल

**भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तत्वावधान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की उच्चस्तरीय बैठक में ग्राम रोजगार सहायक मार्गदर्शिका-2025 को औपचारिक रूप से लागू करने की घोषणा की गई। इस ऐतिहासिक निर्णय में पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की सशक्त नेतृत्व भूमिका रही। श्री पटेल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस नई मार्गदर्शिका को स्थानीय रोजगार व्यवस्था में स्थायित्व, जवाबदेही और दक्षता का आधुनिक रूपांतरण बताया।

श्री पटेल ने कहा कि यह दस्तावेज ग्राम रोजगार सहायकों के चयन, मूल्यांकन और अनुशासन को लेकर आने वाले वर्षों की ग्रामीण विकास संरचना की रीढ़ सिद्ध होगा।




उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्गदर्शिका 2025 का तत्काल प्रभाव से क्रियान्वयन किया जाएगा, जिसके तहत सभी नियुक्तियां, मूल्यांकन, नवीनीकरण एवं अनुशासन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए अब सभी नियुक्तियां लिखित परीक्षा के माध्यम से की जाएंगी, जिससे योग्य और स्थानीय युवा ग्रामीण विकास से सीधे जुड़ सकेंगे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम रोजगार सहायक केवल संविदा कर्मी नहीं, बल्कि ग्रामीण नव निर्माण के मूल स्तंभ हैं। यह मार्गदर्शिका उन्हें न केवल दिशा देगी, बल्कि गरिमा, संरक्षण और प्रेरणा भी प्रदान करेगी। हमारा लक्ष्य है 'हर गाँव सक्षम, हर पंचायत सजग'।

नई मार्गदर्शिका में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की जा रही है, जिसके माध्यम से त्रत्रू का मूल्यांकन, नवीनीकरण और समस्त डाटा डिजिटल रूप से प्रबंधित किया जाएगा। पहली बार ग्राम रोजगार सहायकों को सेवा सुरक्षा और अपील की न्यायसंगत प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही सेवा में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और पारदर्शिता के लिए कठोर प्रावधान किए गए हैं।

मार्गदर्शिका के अंतर्गत अब ग्रामीण रोजगार सहायक का वार्षिक मूल्यांकन प्रत्येक वर्ष 01 अप्रैल से 15 मार्च के बीच किया जाएगा, जिसमें 60 अंकों से कम मिलने पर सेवा समाप्ति संभव होगी।

## मुख्यमंत्री के संकल्प से संबल पाकर रोहित बने रोजगार प्रदाता

**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्व-रोजगार आधारित विकास का विजन अब जमीनी स्तर पर साकार हो रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि युवाओं को न केवल आर्थिक सहायता मिले , बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और सम्मान का भी अवसर मिले ताकि वे नियोक्ता की भूमिका में आगे बढ़ें। बैतूल के श्री रोहित यादव भी ऐसे ही युवाओं में हैं , जिन्होंने न केवल स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ किया, बल्कि दूसरों को रोज़गार देने का मार्ग भी प्रशसस्त किया। रोहित को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 11 लाख रुपये का ऋृण मिला, जिसमें सरकार द्वारा लगभग 3.5 लाख रुपये की सब्सिडी दी गई। इस आर्थिक संबल ने उन्हें कान्हा मिल्क फूड इंडस्ट्रीज के रूप में दुग्ध एटीएम व्यवसाय शुरू करने की प्रेरणा दी। छह डिलीवरी वाहनों और पाँच मिल्क वेंडिंग मशीनों के साथ उनका टर्नओवर अब प्रति माह 9 लाख रुपये से अधिक है और वे 10 अन्य युवाओं को भी प्रत्यक्ष रूप से रोज़गार दे रहे हैं। नवाचार और गुणवत्ता के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें उपभोक्ताओं के बीच भरोसे का नाम बना दिया है। उन्होंने अपनी डेयरी से वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य भी शुरू किया है , जिससे आय का अतिरिक्त स्रोत जुड़ गया है।

रोहित का मानना है कि सरकार द्वारा मिली मदद उनके लिए केवल वित्तीय सहयोग नहीं थी , बल्कि यह विश्वास था कि सरकार को हम पर भरोसा है। रोहित मानते हैं कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जो स्व-रोजगार आधारित सोच विकसित हुई है, उसने हम जैसे युवाओं को आत्मनिर्भरता और गरिमा के साथ जीवन जीने की दिशा दी है। रोहित कहते हैं कि मैं मुख्यमंत्री के विजन और इस नीति के लिए उनका आभार प्रकट करता हूं। रोहित यादव जैसे सफल युवा 27 जून को रतलाम में होने वाली राइज 2025 में न केवल सम्मानित होंगे , बल्कि ऐसे अनेक युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेंगे जो प्रयासरत हैं, लेकिन अभी उन्हें दिशा और समर्थन की आवश्यकता है।

## ढाई महीने बाद भी सीएनजी वाहनों पर डिस्काउंट नहीं

**भोपाल ( एजेंसी )।** 27 मार्च को आई इलेक्ट्रिक वाहन नीति में फैक्ट्री फिटेड सीएनजी वाहनों पर भी 1त्न मोटर व्हीकल टैक्स में छूट का प्रावधान था। परिवहन विभाग ने 28 अप्रैल को फैक्ट्री फिटेड सीएनजी वाहनों पर छूट देने का नोटिफिकेशन जारी किया। 6 जून को स्पष्टीकरण का नोटिफिकेशन भी दिया।

हालांकि, अब तक वाहन पोर्टल पर छूट का विकल्प अपडेट नहीं हुआ है। 28 अप्रैल को जारी नोटिफिकेशन में अलग-अलग श्रेणी के वाहनों पर 7 से 9 प्रतिशत तक टैक्स की जानकारी थी। इसी महीने जारी स्पष्टीकरण में बताया गया था कि पहले जारी नीति में दी गई टैक्स की दरें 1त्न डिस्काउंट के बाद लागू होंगी। ऑटोमोबाइल डीलर्स के मुताबिक, 27 मार्च को नीति जारी होने के बाद भोपाल में लगभग 150 सीएनजी कारें बिकीं।

भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने भास्कर से चर्चा में कहा कि डिस्काउंट जैसे बदलाव एनआईसी को भेजे जाते हैं, जहां से वाहन पोर्टल में अपडेट होते हैं। इसमें कुछ देरी हुई, पर हाल ही में वाहन पोर्टल में अपडेट हो चुका है और सीएनजी वाहन लेने वाले इसका लाभ ले सकते हैं।

सीएम हेल्पलाइन में नाट-अटेण्ड और निम्न गुणवत्ता से बंद नहीं रहे शिकायतें

# मैहर जिले को ए-ग्रेड में लाने पर कलेक्टर ने दी बधाई




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग सुनिश्चित करे कि कोई भी शिकायत निम्न गुणवत्ता से बंद नहीं हो और कोई भी शिकायत नाट-अटेण्ड उच्च स्तर पर नहीं जानी चाहिए। बुधवार को संपन्न टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश स्तर पर जिले की ग्रेडिंग में मैहर जिले को ए-श्रेणी में लाने के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, पीएचई श्वेतांक चौरसिया, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, प्रभारी सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, एलडीएम गौतम शर्मा, जिला कार्यर्₹म अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत 40 से 50 के बीच रखे ताकि वह विभाग ए-ग्रेड में आ सकें। इसी प्रकार डी-श्रेणी के विभाग सी और बी श्रेणी के विभाग ए ग्रेड में आने का प्रयास करें। रामनगर के राजस्व विभाग को ए-ग्रेड में आने पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की। धरती आबा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि 16 से 30 जून तक चयनित गांवों में शिविर लग रहे है। इन शिविरों में प्रत्येक संबंधित विभाग के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। कलेक्टर ने आदिम जाति विभाग के अधिकारी को शिविर में नहीं जाने पर नोटिस जारी कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान के चयनित गांवों में सभी विभाग अपनी योजनाओं के टारगेट पूरे कर शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभांवित करें। नदी पुर्नजीवन अभियान में टमस नदी के उ–म स्थल पर चल रहे कार्य की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि नहर के दोनों तरफ सघन वृक्षारोपण कराये। कलेक्टर ने कहा कि 30 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन होगा। इस अवधि में अभियान के तहत किये गये कार्यो का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे। वृक्षारोपण की तैयारी की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्र और स्कूलों में फलदार पौधों के रोपण को प्राथमिकता दे। इसी प्रकार केजेएस द्वारा दिये जा रहे आंवला और मुनगा के पौधो को मुक्तिधाम में लगवाये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के पास लक्ष्य के अनुसार पर्याप्त साइट नहीं हो वह गौशालाओं या सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाये। नगर पंचायत सीएमओ सुषमा मिश्रा ने बताया कि तालाब की लगभग ढाई एकड अतिर्₹ मण मुक्त कराई गई जगह पर वृक्षारोपण कराया जायेगा। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में विभाग द्वारा 1 जुलाई को पौधे लगाये जायेंगे।

समग्र के-वायसी की समीक्षा में जिले की औसत प्रगति 62.68 प्रतिशत में मैहर नगर पालिका में 49 फीसदी प्रगति पाये जाने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी निकायों को 30 जून तक 70 प्रतिशत की उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने राज्य शासन के 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाये जाने के निर्देशों के अनुर्₹म में शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता, प्रदर्शनी, डिबेटस, निबंध प्रतियोगिता और लघु फिल्मों के प्रदर्शन कराने के निर्देश दिये।

## सतपुरा में किसान, मजदूर, व्यापारी और कार्यकर्ता सम्मान समारोह



### त्यौंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने किया सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** त्यौंथर विधानसभा के सेगरवार सतपुरा ग्राम पंचायत में किसान, मजदूर, व्यापारी और कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

सिद्धार्थ तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज के उन स्तंभों को समर्पित है जो अपने परिश्रम और समर्पण से क्षेत्र और प्रदेश की प्रगति में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन और विकास के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी नीतियों से प्रेरित होकर गांव-गांव तक सम्मान और सरोकार की भावना पहुंच रही है। मुख्यमंत्री की जनहितैषी योजनाओं के कारण किसान, मजदूर, व्यापारी और हर वर्ग विकास में सहभागी बन रहा है। तिवारी ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं से मिलने वाली ऊर्जा और विश्वास उनकी प्रेरणा है।

कार्यक्रम में विधायक सिद्धार्थ तिवारी का सम्मान सूरज पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, सेगरवार सतपुरा के संचालक शिवाकांत पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के आयोजक जगत नारायण द्विवेदी थे। कौशलेश द्विवेदी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विद्यासागर शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष रायपुर सोनौरी वेदप्रकाश मिश्रा, अलख नारायण केशरवानी, अशोक पांडेय, सतीश गुप्ता, तुलाराम पाठक, रमाकांत समदरिया, अरुणोदय आदिवासी, अनसुईया मिश्रा, शिवाकांत पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आरती अग्रवाल के नेत्रदान से दो जीवन होंगे रोशन

### अमर ज्योति ने करवाया 846वां नेत्रदान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाजसेवी संजय अग्रवाल की धर्मपत्नी कृष्णा अग्रवाल की माता आरती अग्रवाल का हाल ही में निधन हो गया। उनके निधन के बाद परिजनों ने ओम प्रकाश, कैलाश, अजय, विजय अग्रवाल, पवन और सुनील अग्रवाल की प्रेरणा से नेत्रदान का निर्णय लिया। सतगुरु की तकनीकी टीम ने नेत्रदान प्रक्रिया पूरी की।

अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी ने कहा कि आरती अग्रवाल के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों का जीवन रोशन होगा और वे परिवार को हमेशा दुआएं देंगे। संस्था के सदस्य विनोद गेलानी ने बताया कि यह अमर ज्योति द्वारा करवाया गया 846वाँ नेत्रदान है, इससे पहले 845 नेत्रदान हो चुके हैं।

## मैहर जिले के तीनों बीआरसी में खुले आधार नामांकन केन्द्र, अभिभावकों को मिली राहत



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार विद्यालयों में प्रवेश के दौरान छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड बनवाने में हो रही असुविधा के दृष्टिगत मैहर जिले के अमरपाटन, रामनगर और मैहर के बीआरसी केन्द्रों में आधार नामांकन केन्द्र प्रारंभ कर दिये गये हैं। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र विष्णु त्रिपाठी ने बुधवार को इन आधार नामांकन केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विकासखण्ड मैहर, अमरपाटन एवं रामनगर के जनपद शिक्षा केन्द्रों में बच्चों के आधार नामांकन की सुविधा के लिए शासन द्वारा आधार नामांकन के आवश्यक उपकरण पूर्व वर्षो में उपलब्ध कराये गये थे। इन केन्द्रों में आपरेटर और आईडी के अभाव में उपकरणों का संचालन नहीं हो पा रहा था। पोस्ट आफिस के आधार नामांकन केन्द्रों में लग रही भीड के कारण अभिभावकों को बच्चों के आधार नामांकन में असुविधा हो रही थी। इस बात को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने टीएल बैठक में जिला परियोजना समन्वयक को विभागीय कम्प्यूटर आपरेटर को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाकर आधार केन्द्र शुरू करने के निर्देश दिये थे। जिला परियोजनाा समन्वयक विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि मैहर, अमरपाटन और रामनगर के बीआरसी केन्द्र में आधार नामांकन का कार्य प्रारंभ हो गया है। शीघ्र ही मैहर और अमरपाटन के बीआरसी में दो-दो आधार केन्द्र संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में एक-एक काउंटर संचालित किये जा रहे है। स्थानीय नागरिक और बच्चों के अभिभावक नये आधारकार्ड या आधारकार्ड से संबंधित कार्य के लिए आधार नामांकन केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित होकर कार्य करा सकते हैं।

मैहर बीआरसीसी कार्यालय में स्थापित आधार नामांकन केन्द्र में आये अमिलिया गांव के निवासी श्री श्यामलाल चौधरी ने बताया कि वे अपनी नातिन का आधारकार्ड बनवाने आये है। पोस्ट आफिस में आधारकार्ड पंजीयन का कार्य होता है लेकिन वहां इतनी भीड और मशक्कत होती है कि वहां से आधार कार्ड बनवाना मुश्किल हो रहा है। मैहर जिले में ब्लाक स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा आधार नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराने में अब आसानी से आधार कार्ड बन रहे हैं। उन्होंने सुविधा के लिए मैहर जिला प्रशासन और शासन का आभार भी व्यक्त किया।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को मिला ग्रीन एनवायरो पर्यावरण पुरस्कार




### पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) को पर्यावरण प्रबंधन और सतत विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए "प्रथम वार्षिक ग्रीन एनवायरो पर्यावरण पुरस्कार एवं सम्मेलन 2025" में पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 19 जून 2025 को लोनावला, महाराष्ट्र के डेला एडवेंचर एंड रिसॉर्ट में आयोजित समारोह में सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण विभाग) बिहारी सिंह शेखावत ने ग्रहण किया।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु और महाराष्ट्र कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष पासा पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वक्ताओं ने सतत विकास और औद्योगिक जिम्मेदारी पर विचार साझा किए।

**पुरस्कार के लिए किए गए कार्य:** एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह पुरस्कार प्रिज्म सीमेंट को जल संरक्षण, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा, 10 लाख पौधों का वृक्षारोपण, कार्बन फुटप्रिंट में कमी, प्लास्टिक और खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन, सतत विकास में सराहनीय कार्यों और सरकारी पर्यावरण मानकों के अनुपालन के लिए दिया गया।

**कंपनी की ओर से प्रसन्नता:** कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन, प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम एंड कॉरपोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। पर्यावरण विभाग के प्रमुख मनोज कुमार कश्यप, सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी, सहायक प्रबंधक अंकिता सिंह परिहार, रीमा तिवारी और अन्य अधिकारियों को बधाई दी गई।

## जिले में 1047728 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 11 लाख 99 हजार 962 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इनमें से 27976 अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम एम राशन मित्र पोर्टल से हटाने की कार्यवाही ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों द्वारा की जा रही है। अब तक 1047728 सदस्यों की ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा चुका है। शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है।

जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि 25 जून तक जिले में 10 लाख 47 हजार 728 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 87.3 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 134978, जवा में 129664, रायपुर कर्चुलियान में 167683, रीवा में 168520, सिरमौर में 181683, त्योंथर में 123440 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 68536, नगर परिषद डभौरा में 13323, बैकुण्ठपुर में 6074, चाकघाट में 5790, गोविंदगढ़ में 7149, गुढ़ में 9061, मनगवां में 7340, सेमरिया में 8695, नगर परिषद सिरमौर में 5927 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9465 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा में जागरूकता कार्यक्रम आज

**रीवा .** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जनसहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून को आयोजित किया गया है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधितों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में संभागान्तर्गत जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत तथा अन्य अधिकारी भाग लेंगे।

## हृदय कुमार गुप्ता बने अनाज तिलहन एवं दलहन संघ रीवा के जिला अध्यक्ष



### व्यापारियों ने किया स्वागत समारोह का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अनाज एवं दलहन तिलहन व्यापारी संघ इंदौर द्वारा हृदय कुमार गुप्ता (रिंकू गुप्ता) को अनाज तिलहन एवं दलहन संघ रीवा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मंडी, मंडी कर्मचारी, अनाज व फल व्यापारी अध्यक्ष, किसान संघ अध्यक्ष, हम्माल और तुलावटी अध्यक्ष ने स्वागत समारोह आयोजित कर नए अध्यक्ष का स्वागत किया।

समारोह में मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता (प्रदेश उपाध्यक्ष, वैश्य समाज) और आमंत्रित अतिथि सुब्रतमणि त्रिपाठी (प्रदेश उपाध्यक्ष, कृषक संघ) उपस्थित रहे। अन्य उपस्थित लोगों में मंडी इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद शुक्ला, सेवा निवृत्त अधीक्षक कृषि विभाग सुरसरी सिंह बघेल, सेवानिवृत्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष गुप्ता, फल एवं सब्जी मंडी पूर्व अध्यक्ष लखपत कछवाह, व्यापारी अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सचिव सतीश अग्रवाल, प्रदेश उपसचिव सुधाकर पाण्डेय, मानवाधिकार आयोग व्यवस्थापक संदीप पाण्डेय, व्यापारी अजय सिंह, रावेंद्र गुप्ता, गोलू गुप्ता, लालजी गुप्ता, गोपालजी गुप्ता, रमापति त्रिपाठी, तौलक संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, तुलावटी कमलेश पाण्डेय, सुरेश गुप्ता, लाला सोनी, लल्लू खान और समस्त हम्माल शामिल रहे।

## सिविल सर्विसेज की नि :शुल्क तैयारी के लिए नवीन बैच के रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए नवीन बेच शुरू किया जा रहा है और इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेस इनक्यूबेशन सेंटर, धवारी चौराहा सतना क्लासेस पर प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक नियमित संचालित हो रही है और हाल ही में एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा संपन्न हो जाने के उपरांत और हायर सेकेण्डरी की परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उन विद्यार्थियों को भी अवसर मिल सके इसके लिए एक नवीन बैच शुरू किया जा रहा है। जिसकी रजिस्ट्रेशन प्रर्₹या शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक इनक्यूबेशन सेंटर, धवारी चौराहा सतना पर उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं या फिर इस नंबर पर 8817562793 पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के सहयोग से यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेस सतना के इनक्यूबेशन सेंटर पर प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक निरंतर संचालित की जा रही है।

## मऊगंज में संविधान हत्या दिवस पर हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिला मुख्यालय में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर बताया गया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के गठन तथा संचालन का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई है। संविधान में आमजनता को विभिन्न तरह की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों का विस्तार से उल्लेख है। आमजनता के मूल अधिकारों की रक्षा संविधान में निहित है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मूल अधिकारों और अभिव्यक्त की आजादी को निलंबित कर दिया था। लाखों निरपराध लोगों पर बिना मुकदमा चलाए जेलों में बंद रखा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, एसडीएम बीके पाण्डेय, एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्ड क्रमांक 8 में 32.56 लाख की नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वार्ड क्रमांक 8, उपवन नगर में 32.56 लाख रुपये की अनुमानित लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन वरिष्ठ नागरिक और रिटायर्ड कंपनी कमांडेंट सत्यनारायण शुक्ला ने किया। समारोह में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि उमेश वर्मा, नगर निगम उपयंत्री रमेश सिंह, संविदाकार योगेंद्र शुक्ला, प्रदीप तिवारी, गुड्डू शुक्ला, पंकज शुक्ला, टाइमकीपर आनंद पाल सिंह और वार्ड के निवासी उपस्थित रहे।

## ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ग्रामीण विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने तीन ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रधानमंत्री आवास में न्यून प्रगति पर ग्राम रोजगार सहायक अकौरी विनय गौतम एवं बेलवा बड़गैयान के सौरभ द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार नरेगा के कार्यों में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत बेलवा कुर्मियान के ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# विचार

## आपातकाल के विरूद्ध संघर्ष में सबसे आगे रहे संघ के स्वयंसेवक

12 जून 1975 को इंदिरा गांधी के रायबरेली से निर्वाचन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से इंदिरा गांधी तिलमिला उठी। जब प्रधानमंत्री ने अपनी सदस्यता खो दी है तो उन्हें नैतिक अधिकार नहीं है देश की सत्ता में बने रहने का। छात्र और युवा आंदोलित हो उठे। इंदिरा गांधी के विरूद्ध देशभर में प्रदर्शन होने लगे। कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन एक विशाल रैली का आयोजन किया। इस रैली में देवकांतबरुआ ने कहा, इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय। इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहाँ तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जायेगी। लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने घोषणा कर दी, इंदिरा गांधी के त्यागपत्र की मांग लेकर गाँव-गाँव में सभाएं की जायेंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा। उसी संध्या को जब रामलीला मैदान की विशाल जनसभा से हजारों लोग लौट रहे थे, तब प्रत्येक धूलिकण से मानो यही मांग उठ रही थी कि प्रधानमंत्री त्यागपत्र दें और वास्तविक गणतंत्र की परम्परा का पालन करें। 25 जून 1975 की रात्रि को देश पर आपातकाल थोप दिया गया। पूरा देश स्तब्ध रह गया। भारत के चिरपोषित राजनीतिक मूल्यों पर संकट छा गया। नागरिक अधिकारों का गला घोंट दिया गया । मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी गयी। न्यायालयों को निरर्थक बना दिया गया था। दिल्ली में नेताओं की धरपकड़ तेज हो गयी। विपक्ष के बड़े नेताओं में चाहे मोरारजी देसाई रहे हों, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी बाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी को रातोंरात पकड़कर जेल में डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक बाला साहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर बंदी बना कर यरवदा जेल ले जाया गया। यरवदा जेल में पूज्य बाला साहब देवरस के साथ 500 संघचालक, कार्यवाह और कार्यकर्ता बंद थे। बाला साहब देवरस ने अपनी गिरफ्तारी के पूर्व ही आह्वान किया, इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोएं। संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जैसे-जैसे समय बीतता गया शासन प्रशासन का कहर जनता पर बढ़ता गया। आपातकाल के दौरान सरकारी संचार माध्यमों का भी खूब दुरुपयोग किया गया। आल इंडिया रेडियो को इन्दिरा गांधी के भाषणों को प्रसारित करने के आदेश दिये गए। सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा-समाचार-पत्र-पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलो को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? अंततः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आपातकाल के विरूद्ध बिगुल फूंका। सारे समाज में आपातकाल के विरूद्ध वातावरण बनाने में संघ के कार्यकर्ताओं ने कष्ट सहकर बड़ी बुद्धिमत्ता और धैय से काम लिया। संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था।

# ऐसे तो ट्रंप को नहीं मिलेगा नोबेल शांति पुरस्कार

**अशोक मधुप**

**अमेरिका के दूसरी बार बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप अपने को दुनिया का शांति का अग्रदूत साबित करने में लगे हैं। वे कहते रहे हैं कि भारत-पाकिस्तान युद्ध उनके कहने पर रूका। रूस-यूक्रेन युद्ध रूकवाने के लिए वे प्रयासरत है। वे चाहते हैं कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिले, उधर वह ईरान पर हमला करते हैं। कहते हैं कि उन्होंने बड़ा काम किया है। इससे इजरायल-ईरान युद्ध रूक जाएगा। उनकी करनी और कथनी में जमीन आसमान का फर्क दिख रहा है और लग रहा है कि इस हालात में तो उन्हें शांति के लिए नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने वाला। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला करके एक नया युद्ध शुरू कर दिया है। ऐसे में तो उन्हें इस तरह की सफलता के साथ ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।**



डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार पूर्ण बहुमत से सत्ता में आए हैं। पूरे चार वर्ष हैं उनके पास। वे अपने दुश्मनों से दोस्तों को लड़ाकर रास्ते पर रहें या हठ जाएं, उनकी राष्टपति वाली कुर्सी पर कोई फर्क नहीं पड़ता। रूस और ईरान अमेरिका के परंपरागत शत्रु हैं। उन्होंने नाटो देशों के साथ मिलकर यूक्रेन को ताकतवर रूस से भिड़ा दिया, इससे यूक्रेन तो बर्बाद हो ही गया। रूस की भी बड़ी शक्ति इस लड़ाई में व्यय हो रही है। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के तथाकथित तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया।

ट्रंप कह रहे हैं कि ईरान के पास परमाणु बम है। परमाणु बम बनाने वाले तीनों केंद्रों पर उन्होंने हमला किया है, जबकि अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तुलसी गैबार्ड कह रही हैं कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं है। पुतिन बता रहे हैं कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं है। अमेरिका ने ही इजरायल से कहा कि यहूदियों का खत्मा करने के लिए ईरान ने परमाणु बम बना लिया है, यह कह कर उसने इजरायल को ईरान से भिड़ा दिया ।

अमेरिका के इस हमले के बाद रूस और चीन का क्या रवैया रहेगा, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ, हो सकता है कि यह खुल कर ईरान के साथ न आएं किंतु युद्ध सामग्री और तेजी से ईरान को उपलब्ध कराएंगे। ईरान की जरूरत के घातक हथियार उसे बेचेंगे। किंतु अगर ये खुलकर सामने आ गए तो है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता है। लगता है कि ट्रंप ने ईरान में हमला करके पूरे विश्व की शांति को खतरे में डाल दिया। इससे सारे मुस्लिम देश एक मोर्चे पर आ जाएंगे। उम्मीद है कि इस हमले के बाद यमन के मुस्लिम आंतकी संगठन अमेरिका के विरूद्ध एकजुट हो जाएंगे।

अमेरिका ने रूस को तोड़ने के लिए ओसामा बिन लादेन जैसे आंतकी को इस्तेमाल किया। उन्हें प्रश्य दिया। अमेरिका के इराक पर हमले से लादेन नाराज हो गया। उसने अमेरिका के ट्रेड सैंटर पर हमला कर इसका बदला लिया। अब फिर मुस्लिम आंतकी संगठन एक हो अमेरिका के विरूद्ध खड़े हो जाएंगे। इस क्षेत्र में ईरान के सहयोगी मिलीशिया, जिनमें यमन में हूती, लेबनान में हिज़्बुल्ला और इराक के सशस्त्र समूह, लड़ाई में शामिल नहीं हुए हैं। पिछले दो साल में उनमें से कई गंभीर रूप से कमज़ोर हो गए हैं, फिर भी वे ईरानी सहयोगी लड़ाई में शामिल हो सकते हैं। इस्लामिक आंतकी संगठन हूती और लेबनान में हिज़्बुल्ला ने दक्षिण में एक महत्वपूर्ण तेल शिपिंग चैनल, रेड सी और बाब एल मंडेब जलडमरूमध्य पहले भी इजरायल समर्थक कटेनर ले जाने वाले जहाज पर पहले भी हमला कर चुके हैं। अब ये जलडमरूमध्य को बंद करके या उसमें यातायात को बाधित करके वैश्विक तेल की कीमतों में तेजी जरूर पैदा कर सकते हैं, जो अब अमेरिकी हमले के बाद और ऊँची जाएगी। यहां से गुजरने वाले अमरिकी समर्थक देशों के शिपिंग कंटेनर पर ही नहीं और भी अमेरिकी समर्थक देशों पर हमले और बढ़ेंगे। जहां तक भारत का सवाल है, इजरायल और ईरान दोनों भारत के घनिष्ट मित्र हैं। भारत का प्रयास होगा कि युद्ध रूके। भारत रूस-यूक्रेन युद्ध के समय से ही कहता आ रहा है कि यह समय युद्ध का नहीं है।

ट्रंप भी अब तक भारत के सबसे बड़े मित्रों में से एक थे। लेकिन ट्रंप ने अपने स्वार्थों की खातिर भारत के दुश्मन पाकिस्तान से हाथ मिला लिया। पाकिस्तान से हाथ मिलाने का उसका मंतव्य भी स्पष्ट हो गया। सूचनाएं आ रही है कि ईरान पर हमले के लिए उसने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तमाल किया। ट्रंप ने हजारों करोड़ डॉलरों का लालच देकर पाकिस्तान को इस्लामिक जगत में नंगा कर दिया और पाकिस्तान को पता भी न चला? यह तय है कि इसमें बाद अमेरिका पाकिस्तान को और ज्यादा मदद देगा, विमान और शस्त्रों की आपूर्ति करेगा।

भारत जो अब तक अमेरिका से आधुनिकतम लड़ाकू विमान और शस्त्र प्रणाली खरीदने की बात कर रहा था। उसे इस घटनाक्रम से चौकस होना होगा। यही वजह है कि भारत अब रूस से 5.5 जनरेशन के फाइटर प्लेन खरीदने की तैयारी में है। यही विमान अमेरिका हमें बेचना चाहता था। भारत पहले ही अपने शस्त्र और युद्धक विमान विकसित कर रहा था, उसे अब और चौकस होकर देश की सुरक्षा की रणनीति बनानी होगी।

ईरान ने अभी तक इजरायली हमलों का जवाब मिसाइल-प्रहारों से दिया है, लेकिन उसने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों या ठिकानों पर हमला करने से परहेज़ किया है। उसने सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोगी अरब देशों पर भी हमला नहीं किया है। शुक्रवार को ईरानी विदेशमंत्री अब्बास अराग़ची ने कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करेगा, तो देश को जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है। ऐसे में यदि ईरान अमेरिका और मित्र देशों पर हमला करता है तो युद्ध भड़क सकता है।

एक बात और पूरी दुनिया के देशों को सोचना होगा कि क्या किसी एक देश को ये ठेकेदारी दी जा सकती है कि वह तै करे कि कौन देश कौन सा हथियार रखेगा, कौन सा नहीं। प्रत्येक देश को अधिकार है कि यह अपनी देश की जरूरत के हिसाब से हथियार खरीदे और विकसित करें। अमेरिका और मित्र देश नहीं चाहते थे कि भारत परमाणु बम बनाए। वह उसे आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिए धमका रहे थे। उसके बाद भी भारत ने परमाणु बम का विस्फोट किया था। इसके बाद अमेरिका और मित्र देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। ऐसा ही भारत के रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीदते हुआ था। अमेरिका ने भारत को बार-बार आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। उधर भारत ने अमेरिका से लडाकू विमान के इंजन लेने का सौदा किया, किंतु निर्धारित अवधि के काफी बाद भी भारत को इंजन नहीं मिले। इससे साफ हो जाता है कि भारत को अपनी सुरक्षा के लिए ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी तो अमेरिका के दुश्मन देश की हो। यह भी कि उसे अपनी सुरक्षा प्रणाली विकसित करने पर युद्ध स्तर पर काम करना होगा। चीन भारत का दुश्मन देश है। फिर भी वह कभी भारत का सगा नहीं हो सकता। ऐसे में बस रूस ही बचा है। वह भारत का अजमाया और विश्वसनीय दोस्त है। वर्तमान हालात में उस पर भी पूरी तरह से यकीन नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह यूक्रेन युद्ध में चीन पर निर्भर होता जा रहा है।ऐसे में हमें होगी। स्वनिर्मित प्रणाली के बूते पर अपनी युद्ध नीति स्वयं बनानी।

# कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**




भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्टपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून 2025 को कांग्रेस पार्टी की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, %कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए। 20 नवंबर 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी। ख़ासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफ़सोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। ग़ैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर ख़ामोश ही रही। माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। पूर्व पीएम ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व पीएम राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी के मूल चरित्र को दर्शाता है। आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज़्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मर्यादाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा कि, हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें? मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था। मई 2004 में ए इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को %प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला बताया गया। कांग्रेस सांसदों ने प्रस्ताव विरोध में कहा कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए?

निर्लज्जता की पराकाष्ठा देखिए जिस कांग्रेस पार्टी के नेता ने केवल अपनी सत्ता कायम रखने के लिए आपातकाल लगाया, इन दिनों उसी पार्टी के नेता संविधान रक्षक होने का दावा करते घूमते हैं। 2024 के आम चुनाव से इंदिरा गांधी के पोते राहुल गांधी लगातार संविधान की एक किताब को सार्वजनिक रूप से लहराकर यह दावा करते रहते हैं कि कांग्रेस पार्टी ही संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक संरक्षक है, जबकि सच्चाई यही है कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान के आत्मा को क्षति पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

दिसंबर 2024 को लोकसभा में संविधान पर विशेष बहस के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, उन्होंने (राजनाथ सिंह) 1975 (आपातकाल) के बारे में बात की तो सीख लीजिए न आप भी... आप भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगिए... आप भी बैलेट पर चुनाव कर लीजिए... दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। यानी अपनी गलती के लिए माफ़ी मांगने की बजाय सामने वाले को नसीहत देना कांग्रेस की पुरानी फितरत है। प्रियंका ने भी वही किया जो उनकी पार्टी के नेता करते आए हैं।नैयर लिखते हैं कि, युद्ध के बाद के जर्मनी ने हिटलर के अत्याचारों के लिए माफी मांगी थी।यहां तक कि जर्मनी ने इसके लिए हर्जाना भी भरा था।

### डोंगरगढ़ की पहाड़ी में गोवा जैसा आश्रम; जटाधारी साधु के वेश में पकड़ाया

# पाखंडी बाबा के आश्रम में मिला गांजा-इंजेक्शन और सेक्स टॉयज, विदेशियों को सिखाता था योग

**मीडिया ऑडीटर, डोंगरगढ़ (निप्र)।** छत्तीसगढ़ की पवित्र नगरी डोंगरगढ़ में एक पाखंडी बाबा पकड़ा गया है। प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू (45 साल) जटाधारी साधु के वेश में रहकर आश्रम चलाता था। 25 जून को पुलिस ने उसके आश्रम में रेड मारी जहां से आपत्तिजनक सामान और नशीले पदार्थ बरामद किया गया है।

पुलिस की कार्रवाई में आश्रम से 2 किलो गांजा, सेक्स टॉय, नशीली गोलियां, वियाग्रा टेबलेट और इंजेक्शन मिले हैं। बताया जा रहा है, तरुण 20 साल से गोवा में था, वहीं से उसने योग सिखा, वहां विदेशियों को योग सिखाता था, डोंगरगढ़ में पिछले डेढ़ साल से साधु के वेश में रह रहा है।







**20 साल से गोवा में था तरुण:** तरुण 20 साल तक गोवा में रहा। वहां उसने विदेशी पर्यटकों को योग सिखाने के नाम पर एक नेटवर्क बनाया था। डोंगरगढ़ में भी वह इसी तरह का मॉडल शुरू करना चाहता था। उसने यहां एक आश्रम बनाया और लोगों को बताया कि वह गोवा जैसा हेरिटेज योग सेंटर खोल रहा है।

पूछताछ में आरोपी ने खुद को 100 देशों में घूम चुका अंतरराष्ट्रीय योगगुरु बताया। उसने 10 से अधिक एनजीओ का डायरेक्टर होने और विदेशी फंडिंग का दावा भी किया है। पुलिस अब इन एनजीओ, उसके पासपोर्ट, बैंक खातों और सोशल नेटवर्क की जांच कर रही है।

आरोपी के पास अलग-अलग देश के योग के सर्टिफिकेट भी है। गोवा में भी तरुण की कई प्रॉपटी है। 2 साल पहले वह डोंगरगढ़ आया, यहां जमीन खरीदी और फॉर्म हाउस बनाकर साधु के भेष में रह रहा था, वे लोग फार्महाउस को आश्रम कहते थे।

**योग सिखाने के नाम पर युवाओं को टारगेट किया:** पुलिस के मुताबिक, आश्रम में जब उसे हैवी नशा करने वाले लड़के नहीं मिले तो वह गांजा रखने लगा। योग सिखाने के नाम युवाओं को निशाना बनाया। आश्रम में रोजाना रात में लड़कों का जमघट रहता था। लंबे समय से पुलिस को शक था। कई बार रात में पेट्रोलिंग के दौरान भी युवकों को आते जाते देखा गया था। जिसके बाद पुलिस ने 24 जून को रेड मारी। फिलहाल आश्रम को सील कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी आश्रम को सर्वसुविधायुक्त बना रहा था। अंदर बने रूम बाथरुम सब टाइल्स मार्बल लग गए थे।

**विदेश से मंगाए गए बॉक्स भी मिले:** एसडीओ आशीष कुंजाम के मुताबिक, आरोपी के फार्महाउस से करीब फार्महाउस से कुछ वीडियो उपकरण और विदेश से मंगाए गए बॉक्स भी बरामद हुए हैं। साइबर सेल इनकी जांच कर रही है।

**आरोपी का फैमिली बैकग्राउंड:** आरोपी का परिवार डोंगरगढ़ का मूल निवासी है। शहर में सेठ परिवार के नाम से जाना जाता है। उनका आश्रम भी सेठ श्री बालकिशन प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल फाउंडेशन के नाम से है। आरोपी ने डेढ़ साल पहले 6 करोड़ में इस आश्रम को खरीदा था। जो अब भी अंडर कंसट्रक्शन है। उनके बड़े भाई ठेकेदारी का करते है जो अग्रवाल समाज के अध्यक्ष भी रह चुके है। पिता का बहुत पहले देहांत हो चुका है। एक मंझले भाई की फॉर्चून की दुकान है। वर्तमान में आरोपी तरुण कथित गुरु के नाम से प्रचलित है।

## देशी मदिरा दुकान के लिए जिला स्तर पर लघु निविदा सूचना

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की देशी मदिरा दुकान डोमनहिल हेतु बघनच्चा तथा देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पोड़ीकालरी हेतु नागपुर के लिए भाड़े पर भवन लिये जाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफा में निविदाएं (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) 08 जुलाई 2025 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ-चिरमिरी भरतपुर में आमंत्रित की जाती है। बंद लिफाफा में प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष 08 जुलाई 2025 को दोपहर 04:00 बजे समिति द्वारा खोली जावेंगी। निविदा की विस्तृत शर्तें/नियम, निविदा प्रपत्र आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से रूपये 500/- (पांच सौ मात्र) के बैंक ड्राफ्ट (प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नाम से) जमा कर प्राप्त की जा सकेगी।

## अवैध अप्रवासियों की सूचना के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की आंतरिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो सप्ताह के सभी दिनों में 24 घंटे सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य के किसी भी कोने से नागरिक अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों की सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, जिससे कोई भी नागरिक बिना किसी डर या संकोच के राष्ट्रहित में प्रशासन के साथ सहयोग कर सके।किसी नागरिक को अपने आसपास किसी संदिग्ध या अवैध अप्रवासी की मौजूदगी की आशंका हो, तो वह अब इस टोल फ्री नंबर पर निःशुल्क कॉल करके पुलिस को सूचना दे सकता है। यह पहल केवल सूचना देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता को सशक्त करने की दिशा में एक जनभागीदारी आधारित प्रयास है। अक्सर अवैध अप्रवासी पहचान के अभाव में आपराधिक या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं, जिससे स्थानीय शांति व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे में जागरूक नागरिकों की भागीदारी पुलिस प्रशासन के लिए निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

## डॉ विनोद पांडेय भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) का को- कन्वीनर बने

एमसीबी/25 जून 2025/ इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक), नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ प्रांत के कन्वीनर अरविंद मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ विनोद कुमार पांडेय को कोरिया चौप्टर का को- कन्वीनर नियुक्त किया गया है। डॉ पांडेय मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुरातत्व विभाग / पर्यटन विभाग के जिला नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं तथा विगत 25 वर्षों से कोरिया जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों पर लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्हें वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई थी। यह संस्था विश्व की सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक है, जो पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्थलों की मूर्त व अमूर्त विरासत और इतिहास के प्रति जागरूकता, रखरखाव और संरक्षण की दिशा में कार्य करती है। संस्था द्वारा पुरातत्व स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु प्रश्नोत्तरी, स्थलों का भ्रमण एवं सेमिनार जैसे विविध आयोजन किए जाते हैं । डॉ.पांडेय को को- कन्वीनर बनाए जाने पर कोरिया चौप्टर के कन्वीनर रमेश चंद्र सिंह, को- कन्वीनर अशोक जायसवाल एवं संस्था के स्थायी सदस्य राजेश जायसवाल, शिव गुप्ता, राजेश गोयल, विद्याधर गर्ग, रफीक मेमन, रानू जैन व अन्य मित्रगणों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि डॉ पांडेय की नियुक्ति से इस क्षेत्र में पुरातत्व, पर्यटन और इतिहास के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य और अधिक गति पकड़ेगा।



### अजीत जोगी की प्रतिमा स्थापना पर विवाद

# पेंड्रा में अमित जोगी समेत 1173 समर्थक गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, पेंड्रा (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) अध्यक्ष अमित जोगी और उनके 1173 समर्थकों को पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा स्थापना के विवाद के चलते गिरफ्तार किया गया। सभी को पेंड्रा के लाल बंगला अस्थायी जेल में रखा गया, लेकिन कुछ देर बाद मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

**प्रतिमा स्थापना पर विवाद:** अमित जोगी सैकड़ों समर्थकों के साथ ज्योतिपुर चौक पर अजीत जोगी की प्रतिमा स्थापित करने पहुंचे थे। प्रशासन ने बताया कि इस स्थल पर मूर्ति स्थापना की अनुमति नहीं थी, जिसके चलते विवाद हुआ। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। ज्योतिपुर चौक से 500 मीटर की दूरी पर अजीत जोगी की समाधि और एक किलोमीटर की दूरी पर उनकी बेटी अनुषा जोगी की समाधि है।

**अमित जोगी का बयान:** गिरफ्तारी के दौरान अमित जोगी ने कहा कि उन्होंने कोई अनैतिक कार्य नहीं किया। जमीन उनकी है, और मूर्ति उनके पिता की है। उन्होंने जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख के बेटे ने इस घटना को अंजाम दिया, जो सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है। जोगी ने आरएसएस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह अब "राक्षस समाज, भक्षक संघ" बन गया है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत बड़ों के सम्मान की बात करते हैं, लेकिन उनके संगठन के कार्य इसके विपरीत हैं। जोगी ने प्रतिमा को न्याय दिलाने के लिए कोर्ट जाने की बात कही। उन्होंने नागपुर में बाबा साहब अंबेडकर स्मारक से आशीर्वाद लेकर उच्च न्यायालय में अपील करने की योजना बनाई।

**पहले भी हुआ था विवाद:** गौरेला में एक महीने पहले भी अजीत जोगी की प्रतिमा हटाने को लेकर विवाद हुआ था। रविवार देर रात क्रेन से प्रतिमा को हटा दिया गया था, जो तीन दिन पहले ज्योतिपुर तिहारे पर स्थापित की गई थी। प्रतिमा बाद में नगरपालिका परिसर में क्षतिग्रस्त हालत में मिली। इसका अनावरण 29 मई को अजीत जोगी की पुण्यतिथि पर होना था।

## खाली कार्टून क्रय करने संक्षिप्त निविदा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिले से नियंत्रित 4 देशी, 5 देशी कम्पोजिट, 6 विदेशी मदिरा दुकान तथा 03 विदेशी कम्पोजिट दुकानों में वित्तीय वर्ष 2025-26 अर्थात 01 अपैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में संग्रहित खाली कार्टून (पुट्ठा) का विक्रय किया जाना है। खाली कार्टून प्रति नग की दर से इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफा में निविदाएं (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) 08 जुलाई 2025 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. जिला एमसीबी में आमंत्रित की जाती है। बंद लिफाफा में निविदाएं निविदाकारों की उपस्थित में 08 जुलाई 2025 को सायं 04:00 बजे समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा की शर्ते/नियम निविदा प्रपत्र तथा मदिरा दुकानों की अवस्थित आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालीयन सयम पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला एमसीबी से रूपये 500/- के बैंक ड्राफ्ट ( जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. जिला एमसीबी के पक्ष में) जमा कर प्राप्त की जा सकेगी।

## जिले में किया जा रहा लघु धान्य फसलों का क्षेत्र विस्तार

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले की भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु के मद्देनजर कृषि विभाग द्वारा केन्द्र पोषित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत जिले में लघु धान्य फसलों जैसे रागी, कोदो के क्षेत्र विस्तार हेतु अभियान चलाकर कृषकों को उक्त फसलों की दैनिक जीवन एवं स्वास्थ्य पर होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करते हुए प्रदर्शन आयोजन किये जा रहे हैं। जिसके संबंध में उप संचालक कृषि लाल सिंह आर्मो द्वारा चर्चा करते हुए बताया की दैनिक आहार में रागी, कोदो का सेवन रक्तचाप एवं शुगर जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में एक सार्थक भोजन है। साथ ही फसल परिवर्तन कर मृदा स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हुए कृषकों के आर्थिक स्तर में सुधार किया जा सकता है। जिसके लिए जिले के समस्त विकास खंडों में रागी, कोदो फसलों का प्रदर्शन आयोजित कराये जा रहे हैं। प्रदर्शन आयोजन हेतु उक्त फसलों के बीज निःशुल्क वितरण किया जा रहा है एवं समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। जिससे लघु धान्य फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु कृषकों की रूची को बढ़ाया जा सके। जिले में कुल 400 हेक्टेयर में फसल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।



## रीवा/सतना की खबरें

### जल गंगा संवर्धन अभियान में अपेक्षित प्रगति न होने पर वेतन होगा राजसात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने एवं लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति न्यून होने पर तीन उपयंत्रियों के एक सप्ताह का वेतन राजसात करने का आदेश दिया है। उपयंत्री प्रवीण पाण्डेय, राजधर द्विवेदी एवं अशोक शुक्ला का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया है।

### रीवा जिले में अब तक 107.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज, आगे भी बारिश का अलर्ट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**जिले में 25 जून को 22.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 42 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। इस दिन रायपुर कर्चुलियान में 31 मिमी, सिरमौर में 28 मिमी, सेमरिया में 32 मिमी तथा मनगवां में 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 107.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 111.5 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 72.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 147 मिलीमीटर, सिरमौर में 169.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 45 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 92 मिलीमीटर तथा जवा में 74 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 26.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### हत्या के मामले फरार अज्ञात आरोपी पर 10 हजार के ईनाम की घोषणा

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी ने हत्या के मामले फरार अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। यह घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी सेंगरान में अनूप उर्फ सुमित पिता सुभाषचन्द्र शर्मा का शव 16 अगस्त 2024 को बरामद हुआ था। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गर्दन के बाईं ओर गंभीर घाव का उल्लेख किया गया। थाना नईगढ़ी में प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। अब तक अज्ञात आरोपी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। आरोपी को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

### जिले के 5 उपयंत्रियों का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समयावधि में पूर्ण न कराने एवं लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रगति न्यून होने पर मऊगंज जिले के ग्रामीण विकास विभाग के 5 उपयंत्रियों का एक सप्ताह का वेतन राजसात किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने उपयंत्री शिवेन्द्र मोहन तिवारी, डीके मिश्रा, हर्षित पाण्डेय, रामचन्द्र कुशवाहा एवं दीपक शर्मा का सात दिवस का वेतन राजसात करने का आदेश दिया है।

### राशन न पहुंचोने पर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक नान को दिया नोटिस

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले की सार्वजनिक उचित मूल्य दुकानों में जून, जुलाई एवं अगस्त माह का राशन निर्देशों के बाद भी न पहुंचाए जाने पर जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है कि उचित मूल्य दुकानों में राशन नहीं पहुंचने के कारण जिले का वितरण न्यूनतम है। कलेक्टर ने जिला प्रबंधक को अतिरिक्त प्रयास कर दो दिवस में उचित मूल्य दुकानों में राशन पहुंचाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### मैहर कलेक्टर ने दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ, चलायेंगे जागरुकता अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 1 जून से 26 जून तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में आयोजित कार्यर म में अधिकारी-कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सतना में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज रोजगार कार्यालय में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

### कर्मचारियों का एरियर भुगतान किया जाये

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर रानी बाटड ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को आदेशित करते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के आदेशानुसार न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत पुनरीक्षित दरों को लागू करने एवं संस्थान में नियोजित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों-श्रमिकों को 1 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 एवं 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए प्रभावशील न्यूनतम वेतन दर की अंतर का राशि का एरियर भुगतान किया जाना है। जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्रायवेट संस्थान के प्रमुख एरियर भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें।

### बीज मिनी किट का नि :शुल्क वितरण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**/किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित केन्द्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन अंतर्गत विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार को पटवारी भवन मैहर में किसानों को निःशुल्क बीज मिनी किट का वितरण किया गया। इस मौके पर खरीफ वर्ष 2025 के लिए 288 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला कृषकों को उड़द बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर सभापति, कृषि स्थायी समिति मैहर दीपक बघेल, जिला मंत्री कुलदीप तिवारी, उप संचालक कृषि सतना/मैहर मनोज कश्यप, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड मैहर विष्णु कुमार त्रिपाठी एवं समस्त कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कृषकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उप संचालक कृषि द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी उपस्थित कृषकों को दी गई। उन्होंने बताया कि अरहर बीज मिनी किट का भण्डारण सभी विकासखण्डों में कराया जा रहा है। जिसका निःशुल्क वितरण कृषकों को किया जावेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों के आधार पर फसल प्रदर्शनों के आयोजन हेतु बीज का भण्डारण पक्रियाधीन है। भण्डारण उपरांत योजना की गाइडलाइन अनुसार वितरण कृषकों को किया जाना है।

## कुल्लू में 3 जगह बादल फटा, 3 लोग बहे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बारिश हो रही है। कुल्लू जिले में 3 जगह सैंज घाटी के जीवा नाला, गढ़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटा। इसके कारण कई जगह बाढ़ की स्थिति बनी है। बाप-बेटी समेत 3 लोग पानी में बह गए। उधर, उत्तराखंड के हल्द्वानी में बुधवार सुबह एक कार नहर में गिर गई। 7 लोगों में 4 की मौत हो गई। इनमें तीन दिन का बच्चा भी शामिल है। जम्मू में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। इसमें एक शख्स फंस गया। एसडीआरएफ के लोगों ने सीढ़ी के सहारे उसका रेस्क्यू किया। गुजरात के सूरत का अधिकांश हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। कई सोसाइटी में पानी भर गया। लोगों को ट्रैक्टर के जरिए रेस्क्यू किया गया। परवत पाटिया इलाके में 5 फीट से ज्यादा पानी भरा हुआ है। यहां बीमार बुजुर्ग को स्ट्रेचर पर लिटाकर पानी से निकालकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज बारिश का अलर्ट है। केरल के वायनाड के आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। चूरलमाला में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले साल मुडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला समेत दूसरे इलाकों में लैंडस्लाइड में 369 लोगों की मौत हुई थी।

## सीबीएससी 10वीं की परीक्षा 2026 से 2 बार होगी


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बुधवार को यह जानकारी दी है। नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा। दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी। विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## पंजाब के पूर्व अकाली मंत्री मजीठिया गिरफ्तार

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पंजाब विजिलेंस ने पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी आय से अधिक संपत्ति के केस में की गई है। अमृतसर से गिरफ्तार करने के बाद विजिलेंस की टीम मजीठिया को मोहाली ले गई। जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। शुरूआती जांच में 540 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी का पता चला। इस बीच अकाली दल के नेताओं और समर्थकों का कोर्ट के बाहर पहुंचना शुरू हो गया है, कार्यकर्ता यहां पर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर केंद्रीय कैबिनेट ने प्रस्ताव किया पारित, रखा 2 मिनट का मौन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव में 1975 में लागू किए गए आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' करार देते हुए उसकी कड़ी निंदा की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 1975 के आपातकाल की आलोचना करते हुए यह प्रस्ताव मंजूर किया गया। वर्ष 2025 में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के संदर्भ में पारित इस



प्रस्ताव में संविधान के मूल सिद्धांतों और लोकतंत्र की रक्षा पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि आपातकाल से पहले और उसके दौरान पूरे देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन हुआ, नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया और कई निर्दोष लोगों को अत्याचार सहने पड़े। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी केंद्रीय मंत्रियों ने आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा।

सभी मंत्री खड़े होकर इस मौन

## डांस कर रहीं महिलाओं-बच्चों को वैन ने रौंदा

**आगरा ( एजेंसी )।** आगरा में महिलाओं-बच्चों को इको वैन ने रौंद दिया। हादसे में 15 महिलाएं और 3 बच्चे घायल हुए हैं। बच्चे के जन्म के बाद महिलाएं कुआं पूजन की रस्म के लिए निकलीं। सड़क पर ढोल-नगाड़ों के साथ डांस करती हुई जा रही थीं। तभी एक तेज रफ्तार वैन आई और उन्हें रौंदते हुए निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें से कुछ को गंभीर चोट भी आई है। घटना मंगलवार शाम की सिकंदरा थाना क्षेत्र के खड़वाई के रुनकता-रायभा मार्ग की है।

घटना का वीडियो आज सामने आया है।

## आप ने उपचुनाव की जीत का जश्न दिल्ली में मनाया

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी की तरफ से पंजाब और गुजरात में उपचुनाव में मिली जीत का जश्न आज दिल्ली में मनाया । दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल मौजूद रहे। प्रोग्राम में पंजाब सीएम भगवंत मान, राज्य प्रधान अमन अरोड़ा, प्रभारी मनीष सिसोदिया व फाइनेंस मंत्री हरपाल सिंह चीमा रहे मौजूद रहे।

इस दौरान लुधियाना के नव निर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा ने सभी का मुंह का मीठा करवाया। वहीं लुधियाना उप चुनाव में विधायक चुने जाने के बाद संजीव अरोड़ा ने पहली बार पार्टी सुप्रीमो से



मुलाकात की। इस मौके अरोड़ा ने कहा कि मैंने अपने पूरे चुनाव में किसी भी पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। वहीं, उन्होंने साफ किया है कि उनका उद्देश्य लुधियाना का विकास करना है। वहीं पार्टी की तरफ से जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका पूरी निष्ठा से पालन करेंगे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बुधवार को उत्तराखंड दौरे के दौरान भावनात्मक क्षणों में स्वास्थ्य बिगड़ गया। हल्द्वानी के आर्मी हेलीपैड पर स्वागत के बाद वह कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 1989 में संसद में साथ रहे डॉ. महेंद्र सिंह पाल का नाम बार-बार लिया। जैसे ही मंच से उतरे, उन्होंने डॉ. पाल को गले लगा लिया। दोनों के बीच पुरानी यादें साझा हुईं और इसी भावुक क्षण में दोनों की आंखों से आंसू बहने लगे। भावनाओं का ऐसा ज्वार उमड़ा कि डॉ. पाल के गले



लगते ही उपराष्ट्रपति खुद भी रोने लगे। यह दृश्य उपस्थित जनसमूह के लिए भी भावनात्मक क्षण बन गया। हालांकि, इसी दौरान उपराष्ट्रपति की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वहां मौजूद चिकित्सकीय दल ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

## इजराइल से 224 भारतीय नागरिक लौटे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑपरेशन सिंधु के तहत बुधवार सुबह 224 भारतीय नागरिक इजराइल से भारत लौटे। ईरान-इजराइल के तनाव के बीच दोनों देशों से अब तक 3394 भारतीयों को भारत लाया जा चुका है। इससे पहले 24 जून की रात 12.01 बजे 282 भारतीयों को लेकर एक फ्लाइट मशहद से दिल्ली पहुंची थी। उधर, भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया था कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान शुरू किए गए भारतीयों को निकालने के अभियान को बंद कर रहे हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच युद्ध



विराम हो गया है। दूतावास ने इवैक्युएशन (लोगों को निकालने) के लिए नए नामों को रजिस्टर करने के लिए खोली गई डेस्क को बंद कर दिया।हालांकि, एक्स पर एक पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि भारत ईरान के हालात पर बारीकी से नजर रख रहा है और अगर वहां मौजूद भारतीयों को किसी भी तरह का खतरा होता है तो हम अपनी रणनीति में बदलाव करेंगे।

## अंतरिक्ष पहुंचकर एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले- व्हाट ए राइड

**फ्लोरिडा ( एजेंसी )।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन 4 के तहत आज यानी, 25 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। उनका ये मिशन पहले 6 बार तकनीकी दिक्कतों के कारण टल चुका था। उनके साथ तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए।

अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद शुभांशु ने कहा- व्हाट ए राइड। मेरे कंधे पर लगा तिरंगा बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। वहीं लॉन्चिंग सफल होने पर शुभांशु के माता-पिता आशा शुक्ला और शंभु दयाल शुक्ला



भावुक हो गए। उन्होंने बेटे की सफलता पर ताली बजाकर खुशी जताई। मिशन भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 12ः00 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया।

## सोनम-राज ने कबूला- एक-दूसरे से प्यार करते हैं

**इंदौर ( एजेंसी )।** शिलॉन्ग पुलिस ने सबूत मिटाने के आरोप में लोकेंद्र सिंह तोमर, शिलोम जेम्स और बलवीर अहिरवार को पकड़ा है। वहीं, वह पिस्टल भी नाले से बरामद हो गई है, जो सोनम के बैग में थी। राजा रघुवंशी के मर्डर की आरोपी सोनम और राज कुशवाह ने शिलॉन्ग पुलिस के सामने पहली बार रिलेशन में होने की बात कही है। शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने बताया कि दोनों ने पूछताछ में कहा- हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों ने पहले ही अपराध स्वीकार कर लिया है। हमारे पास सबूत हैं। उन्होंने कहा कि सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंध थे और दोनों ने राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रची थी। मुझे नहीं लगता कि हमें नैरो एनालिसिस टेस्ट करना चाहिए। इस बीच,



इंदौर में शिलॉन्ग पुलिस ने सोनम की अवैध पिस्टल बरामद की है। केस में एक अन्य आरोपी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर पिस्टल, दो मैगजीन और दो कारतूस बरामद किए हैं। ये सारी चीजें सोनम के बैग में थीं। शिलोम के घर के बाहर खड़ी एक कार से करीब 50 हजार रुपए कैश भी बरामद किए हैं

## आपातकाल तत्कालीन सरकार की तानाशाही का प्रतीक था-नीतीश कुमार

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दावा किया कि आपातकाल इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार की तानाशाही का प्रतीक था और इसे लागू करना इतिहास में एक काला दिन था। आपातकाल के दौरान एक युवा छात्र नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख ने सोशल मीडिया पर



यह बयान दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 25 जून, 1975 का वो दिन हम सभी को याद है, जब देश में आपातकाल लागू हुआ था।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी वाली याचिका खारिज

**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा- याचिका की सुनवाई में कोर्ट का समय बर्बाद हुआ है। हालांकि याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की बेंच ने कहा- इस याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसे में हम इसे खारिज करते हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि चुनाव में 6 बजे के बाद 75 लाख से ज्यादा वोट पड़े। साथ में चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की थी।क्या है पूरा मामला वंचित बहुजन आघाडी के नेता



प्रकाश आंबेडकर चुनाव में कथित अनियमितताओं के खिलाफ याचिका दायर की थी। वहीं मुंबई निवासी चेतन चंद्रकांत अहिरे ने आरोप लगाया था कि 20 नवंबर 2024 को हुए विधानसभा चुनावों में 6 बजे के बाद असामान्य रूप से बड़ी संख्या में वोट डाले गए, जो चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का संकेत है। याचिका में यह दावा किया गया था कि 6 बजे के बाद 75 लाख से अधिक वोट डाले गए। अहिरे ने कोर्ट से मांग की थी कि राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर घोषित चुनाव परिणामों को रद्द किया जाए। साथ ही आरोप लगाया था कि 90 से ज्यादा विधानसभा सीटों में डाले गए और गिने गए वोटों में अंतर है। चुनाव आयोग बोला- चुनाव परिणाम को चुनौती देने का अधिकार नहीं चुनाव आयोग की ओर से सीनियर एडवोकेट आशुतोष कुंभकोनी ने कहा- याचिकाकर्ता के पास राज्यभर के परिणामों को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है।

## प्रधानमंत्री शरीफ का यू-टर्न: कहा-भारत के साथ सार्थक वार्ता को तैयार पाकिस्तान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ ''सार्थक वार्ता के लिए तैयार है। शरीफ ने यह विचार मंगलवार को सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान व्यक्त किये। यह बातचीत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के करीब दो महीने बाद हुई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। 'रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, प्रधानमंत्री शरीफ ने बातचीत के दौरान कहा कि ''पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, जल, व्यापार और आतंकवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए तैयार है। इस बीच, शरीफ और सऊदी नेता ने पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## फ्रांसीसी युवती से रेप, आरोपी कास्टिंग कंपनी का मालिक



**उदयपुर ( एजेंसी )।** उदयपुर में एड शूट करने आई फ्रांस की युवती से रेप के आरोपी को चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह कास्टिंग कंपनी का मालिक है। मूवी से लेकर ऐड, सॉन्ग और सीरियल में कास्टिंग करता है। सलमान खान और अक्षय कुमार जैसे बॉलीवुड स्टार की फिल्मों में कास्टिंग कर चुका है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पुष्पराज उर्फ सिद्धार्थ ओझा (29) ने कहा है कि उसके साथ हनी ट्रैप हुआ है। उसे बॉलीवुड के कुछ लोग फंसा रहे हैं। पुष्पराज चित्तौड़गढ़ के गंगरार तहसील क्षेत्र का रहने वाला है। वह करीब 8 साल से उदयपुर में रह रहा है।

बुधवार को उदयपुर में एसपी योगेश गोयल ने कहा- कास्टिंग कॉल नाम से आरोपी और उसके सहयोगी की कंपनी है। इस कंपनी ने ही शूट के लिए युवती को हायर किया था। युवती 22 जून को मोबाइल ऐड शूट के लिए उदयपुर आई थी। इसी दिन पिछोला, सज्जनगढ़ फोर्ट और आस-पास के रेस्टोरेंट में शूटिंग की गई। इसके बाद रात को क्रू मेंबर्स ने टाइगर हिल स्थित द ग्रीक फॉर्म एंड रेस्ट्रो कैफे में पार्टी की।

## इमरजेंसी के 50 साल-पीएम सहित पूरी कैबिनेट ने मौन रखा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक में आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर एक प्रस्ताव पास किया गया। इसके बाद आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि के रूप में दो मिनट का मौन रखा गया। कैबिनेट बैठक में तीन बड़े फैसले लिए गए। पहला- पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 3626 करोड़ रुपये पारित। दूसरा- झरिया (झारखंड) अंडरग्राउंड फायर के लिए 5940 करोड़ रुपये का संशोधित मास्टर प्लान मंजूर। तीसरा- आगरा में 111 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र स्थापित किया जाएगा। इससे पहले बुधवार सुबह पीएम मोदी ने आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इस दिन कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैद कर लिया था। प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दी थी। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जवाब दिया कि, ये लोग अपनी गलती छिपाने के लिए यह सब नाटक करते हैं।



दरअसल 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। यह 21 मार्च 1977 यानी 21 महीने तक लागू रहा था। भाजपा इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है। इमरजेंसी को लेकर मोदी ने लिखा, यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करना और उन आदर्शों को बनाए रखना, जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह हमारा कर्तव्य है। यह उनका सामूहिक संघर्ष ही था, जिसके चलते तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करना पड़ा और नए चुनाव कराने पड़े, जिसमें वे बुरी तरह हार गए।हम आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। पूरे भारत से अलग-अलग विचारधाराओं के लोग आए, उन्होंने एक उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया।पीएम बोले- इमरजेंसी के वक्त मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था पीएम ने अपनी पोस्ट में द इमरजेंसी डायरीज नाम की बुक का भी जिक्र किया। पीएम ने लिखा, जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं ऋस्र् का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था।इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को दिखाया। साथ ही, मुझे राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला।मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों में से कुछ को एक किताब के रूप में संकलित किया है, जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा ने लिखी है, जो खुद आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक दिग्गज थे।

## अन्य राज्य ये खेलना चाहते हैं पृथ्वी, एमसीए से मांगी एनओसी

**मुम्बई (एजेंसी)।** खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अब किसी अन्य राज्य ये खेलना चाहते हैं। इसी कारण पृथ्वी ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है। पृथ्वी काफी समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। पिछले काफी समय से वह खराब दौर से गुजर रहे हैं और फिटनेस सहित कई अन्य कारणों से उनकी टीम प्रबंधन से नहीं पट रही। ऐसे में अब वह अपने गृह राज्य से दूर एक नई शुरुआत करना चाहते हैं। वहीं एक रिपोर्ट में एमसीए की ओर से कहा गया है कि पृथ्वी को लेकर शीघ्र ही फैसला लिया जाएगा। शॉ का पिछले कुछ सत्रों में चयनकर्ताओं के साथ भी विवाद रहा है। चयन समिति ने उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठाये थे। इसी कारण शॉ को अपनी फिटनेस पर ध्यान देने को भी कहा गया था पर उन्होंने एमसीए की बातों पर ध्यान नहीं दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार शॉ को दो से तीन अन्य राज्यों से खेलने के अवसर मिल सकते हैं, इसी कारण वह एनओसी लेना चाहते हैं। वह 2025-26 के घरेलू सत्र के लिए किसी अन्य राज्य की टीम के साथ जा सकते हैं। इससे पहले खराब फिटनेस रिपोर्ट के बाद उन्हें मुम्बई की रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया था।

## कुंबले ओर हरभजन में से किसी एक को बाहर करना होता था सबसे कठिन : गांगुली

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि उनके लिए कप्तान के तौर पर सबसे अधिक कठिन फैसला स्पिनर अनिल कुंबले और हरभजन सिंह में से किसी एक का चयन रहा है। गांगुली ने बताया है ये दोनो ही इतने बेहतर थे कि किसी एक को बाहर करने का फैसला मजबूरी में करना पड़ता था। साथ ही कहा कि बाहर किये जाने पर ये दोनो ही सवाल भी करते थे कि हमें किस प्रकार बाहर किया था जिसका जवाब देना कठिन होता था। गांगुली के अनसार ये दोनो ही चैंपियन थे और टीम में ऐसे खिलाड़ी होने ही चाहिए।

गांगुली ने हाल ही में कहा, मैं टीम के हित में लिए गए कठिन फैसलों को खिलाड़ियों को आसानी से समझा देता था पर कुंबले और हरभजन उनके लिए परेशानी पैदा कर देते थे। उन्होंने कहा, कई बार कुंबले और हरभजन में से किसी एक को चुनना सबसे कठिन काम था। भारत में ऐसा नहीं हुआ।



उपमहाद्वीप में ऐसा नहीं हुआ पर जब आप हरी पिचों पर चले गए, जहां हमें एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जरूरत होती थी, तो मुझे कुंबले और हरभजन से किसी एक को ही रखना पड़ता था। उन्होंने आगे बताया, कई बार ऐसा हुआ है जब वे दोनों साथ में खेले, लेकिन, हां, वह मुश्किल हिस्सा था। आप जिसे आराम देना चाहते थे, वह बहुत खुश नहीं होता था। बिल्कुल नहीं। उनका पहला सवाल होता था, मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? ईमानदारी से कहूं तो, आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत होती है जो आपको बताएं, मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? ये वे खिलाड़ी नहीं थे, जिन्हें आप कहते कि आप नहीं खेल रहे हैं और वे पांच दिन की छुट्टी पाकर खुश हो जाएंगे। आप टीम में ऐसे खिलाड़ी चाहते थे जो आकर आपसे कहें और पूछें कि मैं क्यों नहीं खेल रहा हूं? ये परिस्थितियां मेरे अनुकूल हैं, चाहे वे अनुकूल हों या नहीं हों। इस पूर्व कप्तान ने कहा, यही उनका मानना ??है कि वे भारत के लिए मैच जीतेंगे, उन हालातों में भारत के लिए मैच जीतेंगे। अनिल और हरभजन दोनों ही थे। हां। इतनी क्षमता, इतना आत्मसम्मान, प्रदर्शन पर इतना गर्व है, लेकिन मैं खुश था, क्योंकि दिन के अंत में, मेरे पास दो खिलाड़ी थे जो पूरी तरह चैंपियन थे। गांगुली की गिनती ऐसे कप्तान के तौर पर होत है जिन्होंने टीम को आक्रामक बनाया और जीत की आदत डाली। उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दिये।

## रोहित ने शो में बताया किस प्रकार रितिका को किया था प्रपोज

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आजकल खेल से दूर हैं और परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। रोहित इस दौरान अपनी पत्नी रितिका सजदेह के साथ दिग्गज स्पिन हरभजन सिंह और गीता बसरा के शो 'हू इज द बॉस' में भी नजर आये, जहां उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने रितिका को प्रपोज किया था और इसके लिए एक झूठ भी बोला था। उन्होंने रितिका से कहा कि वे आइसक्रीम खाने चलेंगे पर बात कुछ और थी। वे मरीन ड्राइव से होते हुए बांद्रा पार कर बोरीवली की ओर निकल पड़े। रितिका को उस इलाके की ज्यादा जानकारी नहीं थी, इसलिए वह कुछ समझ नहीं सकीं। रोहित ने अपने एक दोस्त को पहले से ही मैदान पवर बुला रखा था, जिससे वह उस खास पल को कैमरे में कैद कर सके। जब दोनों मैदान पर पहुंचे तो वहां अंधेरा था। रितिका को पता भी नहीं चला कि यह एक क्रिकेट मैदान है। रोहित ने कार पार्क की और फिर पिच के बीचोंबीच घुटनों पर बैठकर रितिका को प्रपोज किया। रोहित ने बताया कि उन्होंने रितिका को उसी मैदान पर प्रपोज किया, जहां से उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत की थी। इस अनोखे प्रपोजल को रितिका ने खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। इसके बाद दोनों ने 13 दिसंबर 2015 को शादी कर ली। आज उनके दो बच्चे हैं बेटी समायरा और बेटा अहान हैं। रोहित ने इस शो में यह भी बताया कि वह पहली बार रितिका से 2008 में मिले थे और फिर धीरे-धीरे दोस्ती बढ़ती गई।

## विराट कोहली के रिटायरमेंट की बात बीसीसीआई को थी पता, सौरव गांगुली ने खोला राज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर एक हैरान करने वाला बयान दिया है। गांगुली का मानना है कि टेस्ट से संन्यास लेने का फैसला पूरी तरह से विराट कोहली का था। 36 साल के कोहली ने 12 मई को संन्यास की घोषणा की थी। विराट कोहली ने बीसीसीआई को चार दिन पहले ही बता दिया था कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने विराट कोहली को अपने फैसले पर विचार करने के लिए भी कहा था, लेकिन वे नहीं माने। बता दें कि, सौरव गांगुली और विराट कोहली टीम इंडिया में एक साथ काम कर चुके हैं। सौरव गांगुली के बीसीसीआई अध्यक्ष रहते हुए विराट कोहली टीम इंडिया के कप्तान थे। ऐसे में गांगुली ने बताया



कि कोहली ने ये फैसला खुद लिया था। संन्यास को लेकर उन पर किसी तरह का दबाव नहीं था। विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने कई लोगों को चौंका दिया। गांगुली भी उनमें से एक थे। कोहली पहले ही टी20 इंटरनेशनल छोड़ने का फैसला कर लिया था। टी20 से उनके संन्यास के बाद सबको उम्मीद थी कि वे कुछ और सालों तक टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में सौरव गांगुली ने कहा कि हर चीज का अंत होता है।

## एक तरफ मोहम्मद, दूसरी तरफ कृष्णा... लाइव मैच में शुभमन गिल ने ऐसा क्यों बोला?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लीड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस टेस्ट के पांचवें दिन दिन को पहले सेशन में भारतीय गेंदबाज असरदार नजर नहीं आए और इंग्लैंड के बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके दिए। मेजबान टीम ने बुमराह को सावधानी से खेला लेकिन बाकी गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। वहीं कप्तान शुभमन गिल ने दिन के पहले सेशन में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा का जबरदस्त अंदाज में उस्ताह बढ़ाया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर का काफी वायरल हो रहा है। 371 के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड टीम का स्कोर आखिरी दिन लंच ब्रेक के समय बिना विकेट गंवाए 117 रन रहा। ओपनर बेन डकेट और जैक क्रॉली ने भारतीय गेंदबाजों की नाक में खूब दम किया। हालांकि, भारत ने दिन के पहले घंटे में अच्छी गेंदबाजी की और कई ऐसी गेंदें थीं जिन पर इंग्लिश क्रिकेटर गच्चा खा गए। कृष्णा ने जब डकेट को बीट किया तो स्टंप माइक में गिल का दिलचस्प कमेंट रिकॉर्ड हुआ। उन्होंने कहा कि, एक तरफ से मोहम्मद है एक तरफ से कृष्णा दोनों तबाही मचा रहे। स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को भी पिच से कोई मदद नहीं मिल रही। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

## भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हो सकती है आर्चर की वापसी

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। आर्चर अब अपनी चोट से उबर गये हैं और व डरहम में ससेक्स की ओर से काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, "आर्चर ससेक्स के लिये लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे हालांकि उनका नाम काउंटी चैम्पियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट के लिए उन्हे शामिल किया जा सकता है।" आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से फर्स्ट क्लास क्रिकेट से बाहर हैं।

आर्चर ने साल 2021 से ही इंग्लैंड के लिए लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेला है, ऐसे में 4 साल बाद उनकी टीम में वापसी इंग्लैंड के लिए विशेष होगी।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में ही कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था, "कई बार वह मुझे संदेश भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि जल्दबाजी नहीं करे।

## एसबीआई स्कॉलर क्विज 2025-मंच पर उतरा ज्ञान

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल सर्कल द्वारा आज भोपाल में टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित Scholar Quiz 2025 का भव्य आयोजन न केवल छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाला कार्यक्रम रहा, बल्कि यह आयोजन बैंक की शिक्षा के प्रति सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण भी बना। इस प्रेरणास्पद कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक चंद्र शेखर शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया। अपने




जोशीले और मार्गदर्शक शब्दों में उन्होंने छात्रों को न केवल प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि एसबीआई सिर्फ एक बैंक नहीं, बल्कि शिक्षा और राष्ट्र निर्माण का सशक्त स्तंभ है।

## रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी टली, सामने आया ये बड़ा कारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी टल गई है। पहले दोनों की शादी नवंबर में होने वाले थी। वहीं एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नवंबर महीने में रिंकू सिंह के बिजी शेड्यूल के कारण शादी की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। इसी महीने लखनऊ में रिंकू और प्रिया सरोज की सगाई हुई थी। वहीं अमर उजाला की एक रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में रिंकू सिंह के बिजी शेड्यूल के कारण शादी को आगे के लिए स्थगित कर दिया गया है। कहा जा रहा हैकि, रिंकू-प्रिया के परिवार के सदस्यों ने बताया कि अब शादी फरवरी 2026 में होगी और शादी की नई तारीख का जल्द खुलासा किया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि परिवार ने 19



नवंबर को शादी समारोह के लिए वाराणसी के ताज होटल को बुक किया था। लेकिन रिंकू सिंह के नंवबर में समय भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे होंगे ऐसे में दोनों परिवारों को शादी की तारीख को आगे बढ़ाना पड़ा।

ये भी बताया जा रहा है कि ताज होटल को अब फरवरी के लिए दोबारा बुक कर दिया गया है लेकिन उसकी तारीख सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि, 8 जून को रिंकू और प्रिया की सगाई हुई थी। सगाई के बाद रिंकू ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके बताया कि वो लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहे थे। रिंकू कुछ समय पूर्व आईपीएल 2025 में केकेआर टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। दूसरी ओर प्रिया उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सीट से मछलीशहर से सांसद हैं।

## दिलीप दोशी को याद कर भावुक हुए सचिन





**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री, अनिल कुंबले सहित खेल जगत की कई हस्तियों ने पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोशी के निधन पर शोक जताया है। सचिन ने दोशी के परिवार के प्रति संवेदना जताने के साथ ही उनसे हुई पहली मुलाकात को याद कर एक भावुक पोस्ट भी लिखी है। सचिन ने सोशल मीडिया में लिखा, मैं पहली बार दिलीप भाई से 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उन्होंने उस टूर में मुझे नेट में गेंदबाजी की। वह मुझे बहुत पसंद करते थे और मैं भी उनका बहुत सम्मान करता था। दिलीप भाई गर्मजोशी वाले शख्स थे, वह बहुत याद आएंगे। मैं उनके साथ क्रिकेट से जुड़ी बातचीत की कमी महसूस की है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।

बीसीसीआई ने भी इस दिग्गज पूर्व क्रिकेटर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, बीसीसीआई पूर्व स्पिनर दोषी के निधन से दुखी है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। वहीं भारतीय टीम के मुख्य कोच रह चुके रवि शास्त्री ने कहा, 'दिलीप दोषी के निधन की खबर सुनकर दुखी हूं। वह एक सज्जन और शानदार गेंदबाज थे। उनके परिवार के लिए संवेदना प्रकट करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले।'इसके अलावा पूर्व विकेट कीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने लिखा, मेरा दिल टूट गया है और अब भी मैं दिलीप अंकल को लेकर सदमे में हूं, वह वाकई विशेष थे। इसके अलावा पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा, 'दिलीप भाई के निधन की खबर सुनकर दुखी हूं। ईश्वर उनके परिवार और दोस्तों को इस क्षति को सहने की शक्ति दें।' दोशी बाएं हाथ के एक बेहतरीन स्पिन गेंदबाज थे। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से 33 टेस्ट मैचों में कुल 114 विकेट लिए जिसमें 5 बार पांच विकेट थे। इसके अलावा उन्होंने 15 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय भी खेले।

वहीं एकदिवसीय में उनके नाम 22 विकेट हैं। उन्होंने 32 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू करते हुए अपने छोटे से करियर में सभी को प्रभावित किया था। उनका काउंटी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन रहा है।

नगर निगम आयुक्त ने वार्ड 1 और 2 का किया निरीक्षण

# सफाई, अतिक्रमण हटाने और मानसून की तैयारियों पर जोर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने रीवा नगर के वार्ड क्रमांक 01 और 02 का भ्रमण कर वर्षा ऋतु से पूर्व की तैयारियों और सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलजमाव की समस्या से बचने के लिए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

विन्ध्य बिहार कॉलोनी में यूनियन बैंक के पास स्थित पार्क का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने पार्क के विकास के लिए स्टीमेट तैयार करने और समतलीकरण हेतु मिट्टी फिलिंग कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सार्वजनिक स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण से स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा। हरिजन बस्ती क्षेत्र में फैक्ट्री के समीप नाले में अतिक्रमण का संज्ञान लेते हुए तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने और नाले की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, हरिजन बस्ती में पुराने कुएं के समीप सोकपिट निर्माण के निर्देश दिए ताकि वर्षा जल का उचित रिसाव हो और गंदे पानी के एकत्रीकरण से बचा जा सके। इस दौरान जनप्रतिनिधि डॉ. सीएल रावत, कृष्णाकर कुशवाहा, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक राजस्व राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण विरोधी अभियान में सख्ती



नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर जारी है। 25 जून को पुराने बस स्टैंड पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सेड बढ़ाकर और सामग्री फैलाकर आवागमन बाधित करने पर कार्रवाई की गई। सामग्री को दुकानों के भीतर व्यवस्थित कर अतिक्रमण हटाया गया और दुकानदारों को दोबारा ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मॉडल स्कूल के पास तीन गोमतियों के अतिक्रमण की शिकायत पर उन्हें हटाया गया। सुंदर नगर में अतिक्रमण कर रखी सब्जी की दुकान को हटाया गया और दोबारा अतिक्रमण करने पर जप्ती सहित कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान अतिक्रमण दल ने 3000 रुपये का चालान जमा कराया। कार्रवाई में अतिक्रमण सहायक सुखेंद्र चतुर्वेदी और अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## 35 लाख की चांदी लिए एक पकड़ाया शख्स, पूछताछ जारी



### मथुरा से सतना जेवर ला रहा व्यक्ति नहीं दिखा पाया दस्तावेज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में 30 किलो 618 ग्राम चांदी के जेवरात के साथ एक व्यक्ति को मंगलवार सुबह पकड़ा है। वह करीब 35 लाख की चांदी लेकर मथुरा से सतना आ रहा था। रेलवे पुलिस ने मंगलवार सुबह महाकौशल एक्सप्रेस से उतरे एक यात्री को पकड़ा।

प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर चेकिंग कर रही जीआरपी टीम ने यात्री को रोककर पूछताछ की। उसकी पहचान मथुरा निवासी पंकज सोनी के रूप में हुई। वह दो पिट्ठू बैग लेकर जा रहा था। बैग की तलाशी में चांदी की पायल और बिछिया मिली। जब पुलिस ने चांदी के परिवहन से जुड़े दस्तावेज मांगे तो व्यक्ति कोई कागजात पेश नहीं कर सका। पुलिस ने चांदी जब्त कर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में चांदी किस उद्देश्य से और कहां ले जाई जा रही थी।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के वर्ष भर आयोजित होंगे कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। इस संबंध में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आपातकाल से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज ही नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से जागरूकता के लिए 6 मशालें देश के भ्रमण के लिए रवाना हो रही हैं। सभी राज्यों के प्रमुख शहरों में इनका भ्रमण होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनता को 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिक्षण संस्थाओं में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा फोटो प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में जागरूक किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह देश की न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के गठन तथा संचालन का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई है। संविधान में आमजनता को विभिन्न तरह की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों का विस्तार से उल्लेख है। आमजनता के मूल अधिकारों की रक्षा संविधान में निहित है। कार्यक्रम में उप संचालक शिक्षा केपी तिवारी ने कहा कि 1975 में तत्कालीन सरकार ने नागरिकों के मूल अधिकारों और अभिव्यक्त की आजादी को निलंबित कर दिया था। लाखों निरपराध लोगों पर बिना मुकदमा चलाए जेलों में बंद रखा गया। रीवा में आपातकाल का विरोध करते हुए सैकड़ों व्यक्ति जेल गए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल को 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। युवाओं और बच्चों को आपातकाल के संबंध में पूरी जानकारी रखनी चाहिए। मौलिक अधिकारों के हनन और प्रेस की आजादी छीनने से जो अराजकता उत्पन्न हुई उसके संबंध में युवाओं को अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम में एसके स्कूल के प्राचार्य मिथिलेश गहरवार, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट का किया शुभारंभ

# ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी उपलब्धि, रक्त की होगी पूर्ति







**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा मेडिकल हब बन रहा है ऐसे समय में ब्लड सेपरेशन यूनिट रीवा के लिये बड़ी सौगात है। ब्लड सेपरेशन यूनिट में एक व्यक्ति द्वारा दिये गये रक्तदान से चार व्यक्तियों की रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है। उप मुख्यमंत्री ने रेडक्रास भवन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित किये जाने वाले ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट का शुभारंभ किया।

रेडक्रास भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल के अतिरिक्त रेडक्रास सोसायटी का ब्लड बैंक व ब्लड सेपरेशन यूनिट मरीजों की रक्त उपलब्धता में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़ कर रक्तदान करने की अपील की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने भी लगभग 30 बार रक्तदान किया है। रक्तदान से किसी जरूरत मंद की मदद होती है। अतः आगे बढ़कर रक्तदान करें ताकि ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता रहे व जरूरतमंद को सुविधा से प्राप्त हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में संजय गांधी अस्पताल के पुर्नरूद्वार एवं नवीनीकरण के लिये 325 करोड़ रूपये तथा नवीन मशीनों की स्थापना के लिये 100 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कराई गई है। रीवा में 200 विस्तर का कैंसर अस्पताल निर्माणाधीन है। इन सब उपलब्धियों के साथ ब्लड सेपरेशन यूनिट का अपना विशेष महत्व रहेगा। उन्होंने यूनिट की स्थापना के लिये रेडक्रास के चेयरमैन व पदाधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों के लिये साधुवाद दिया तथा इसके व्यवस्थित संचालन की अपेक्षा की।

इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से यह बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्हीं के प्रयासों से ही रीवा प्रदेश व देश में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। ब्लड सेपरेशन यूनिट की स्थापना इस क्षेत्र के मरीजों के लिये वरदान साबित होगी। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से सभी के सहयोग से सेवाभाव का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को डॉ. सी.बी.शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ. बी.के. शर्मा ने जानकारी दी कि ब्लड सेपरेशन यूनिट 24 घंटे कार्य करेगी। यहां रक्त को चार भागों में विभक्तीकरण कर मरीजों को उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ. विनोद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जयंत खन्ना, संयुक्त संचालक अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह सहित रेडक्रास के पदाधिकारी, सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्यजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आषाढ़ अमावस्या पर चित्रकूट में उमड़े श्रद्धालु, मंदाकिनी में लगाई डुबकी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** आषाढ़ अमावस्या पर मंगलवार रात से चित्रकूट में लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। [26] श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर भगवान मत गजेंद्रनाथ स्वामी मंदिर में जलाभिषेक और कामद गिरि की परिक्रमा की। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने परिक्रमा मार्ग, मंदिर परिसर और नदी घाटों पर सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी। बतादें कि आषाढ़ अमावस्या पितृ तर्पण के लिए विशेष मानी जाती है, इस दिन शिव पूजन और पिंडदान से पितृ प्रसन्न होते हैं।

पंचांग के अनुसार, ये अमावस्या 24 जून की शाम 7 बजे शुरू होकर 25 जून की शाम 4 बजे तक रही। इस दिन बुध ग्रह अपनी चाल बदल रहा है और शशि-आदित्य योग बन रहा है, जो शुभ कार्यों में सफलता का संकेत देता है। चंद्रमा मिथुन राशि में रहेगा, जिससे ये दिन ज्योतिषीय रूप से और भी महत्वपूर्ण है।

## मैहर में युवक ने रात में सोशल मीडिया पर डाली रील, सुबह पेड़ पर लटका मिला शव



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में 19 वर्षीय ऑटो चालक मोहम्मद इरफान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार सुबह ग्राम सोनवारी में उसका शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। इरफान ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था और सोशल मीडिया पर रील बनाने का शौकीन था। मंगलवार रात खाने के बाद वो घर के बाहर मोबाइल पर बात कर रहा था। परिजनों के अनुसार, रात करीब 1 बजे उसने फोन पर किसी से बात की और 2 बजे के आसपास सोशल मीडिया पर दो रील अपलोड कीं। सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला। मैहर थाना पुलिस ने शव को क़ब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मैहर के जंगल में लेबर ठेकेदार का जला शव मिला, मौके से बाइक बरामद

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर के रामनगर थाना क्षेत्र के सुलखमा नादो गांव के पास जंगल में एक लेबर ठेकेदार का जला हुआ शव मिला है। मृतक की पहचान विजयराघौगढ़, कटनी निवासी शिव कुमार पटेल के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। शव अर्धनग्न अवस्था में था, जो 3 से 4 दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। रामनगर थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि मृतक के भाई अशोक ने बताया कि शिव कुमार लेबर लेने के लिए घर से निकले थे। शव पुराना होने की वजह से जांच में दिक्कतें आ रही हैं। पुलिस मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है।

## छेड़छाड़ करने पर महिला ने युवक को पीटा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में एक महिला ने छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। घटना बुधवार दोपहर 2 बजे स्टेट बैंक चौराहे के पास की है।महिला ने आरोपी का बाल पकड़कर उसे ऑटो रिक्शा से टिकाया। फिर थप्पड़ों की बरसात कर दी। आरोपी खुद को बचाने की कोशिश करता रहा। महिला ने वहां मौजूद पुरुष साथी से भी उसकी पिटाई कराई। मार खाने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की थी, जिसके बाद महिला ने उसे सबक सिखाया।

## तेज़ रफ्तार ऑटो पलटने से दर्जनभर श्रमिक घायल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सतना ज़िले के रामपुर बघेलान से बुधवार सुबह मज़दूरी करने रीवा आ रहे ऑटो में सवार दर्जन भर लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल धर्मेश केवट ने बताया कि सभी श्रमिक सुबह ऑटो में सवार होकर रामपुर बघेलान से मज़दूरी करने रीवा आ रहे थे। ऑटो जब रीवा शहर के चोरहटा थाना के समीप पहुंचा, तभी सामने से अचानक बैल आ जाने से ऑटो अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिससे ऑटो में सवार दर्जन भर महिला और पुरुष घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## टीएल बैठक स्थगित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय में 26 जून को दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाली टीएल बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है।

आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यालय अटल कुंज में लगाई गई प्रदर्शनी

# आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र पर कांग्रेस का कुठाराघात



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और रीवा संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने संभागीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन है। कांग्रेस ने सत्ता बनाए रखने के लिए आपातकाल लागू कर देश को जेल में तब्दील कर दिया। मौलिक अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्यायिक संरक्षण स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर सेंसरशिप थोपी गई, हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और साहित्यकारों को बिना मुकदमे जेल में डाला गया। 'इंदिरा इज इंडिया' जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया। 21 महीनों तक संविधान का गला घोंटकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का प्रयास हुआ।

रावत ने कहा कि कांग्रेस ने मीसा कानून में संशोधन कर प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन किया, अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया। कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन उसने बार-बार संविधान को कुचला। इसके विपरीत, नरेंद्र मोदी सरकार संविधान के सिद्धांतों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता–को नीति और शासन का आधार बनाकर बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को सम्मान दे रही है। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष से लोकतंत्र पुनर्स्थापित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने प्रगति की। देश आत्मनिर्भर बना, अर्थव्यवस्था 11वें से चौथे स्थान पर पहुंची, और भ्रष्टाचार का अंत हुआ। रावत ने संकल्प लिया कि ऐसे काले दिन दोबारा न आएं।

पत्रकार वार्ता में सांसद जनार्दन मिश्रा ने आपातकाल के अत्याचारों का जिक्र करते हुए कहा कि 18 महीने 3 दिन जेल में रहे और जनमानस ने लोकतंत्र की रक्षा की। वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, विधायक नरेंद्र प्रजापति, अजय सिंह, योगेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

**आपातकाल प्रदर्शनी का शुभारंभः** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा संभागीय कार्यालय, अटल कुंज, ढेकहा में आपातकाल की विभीषिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा, रणवीर सिंह रावत और वीरेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलन और रिबन काटकर किया। प्रदर्शनी आम जनता और कार्यकर्ताओं के लिए खुली रहेगी। नरेंद्र प्रजापति, व्यंकटेश पाण्डेय, अजय सिंह, ममता गुप्ता, राजगोपाल चारी, मुक्ति राय, संजय मिश्रा, शरद साहू, राजेश सिंह, गौरव पाण्डेय, मो. इमरान, बुद्धसेन नापित, मोहित गुप्ता, संजीव गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, योगेंद्र शुक्ला, बालेन्द्र गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।